● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 188, पृष्ठ : 08, सीधी, सोमवार, 19 अगस्त 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र

दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ

भारतीय राजनीति की प्रखर नेता निर्मला सीतारमण 5

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में विराट के 16 साल पूरे 6

## मैं लाड़ली बहनों का मुख्यमंत्री नहीं मुख्य सेवक हूं : डॉ. यादव

### हम सबके भैया, मोहन भैया के नारों से गूंजा- लाड़ली बहना रक्षाबंधन कार्यक्रम

**भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कहा है कि मैं लाड़ली बहनों का मुख्यमंत्री नहीं मुख्य सेवक हूं। बहनों से ही सम्पूर्ण परिवार की खुशहाली होती है और बहनें परिवार की समृद्धता का प्रतीक होती हैं। बहनों के समद्धशाली होने से परिवार में भी सम्पन्नता आती है। प्रदेश की लाड़ली बहनों में सम्पन्नता आती है तो मध्यप्रदेश भी आर्थिक रूप से खुशहाल और संपन्न होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज लाड़ली बहना रक्षाबंधन पर्व के कार्यक्रम के तहत उज्जैन के होटल सॉलिटेयर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को लाड़ली बहनों ने कलाई पर राखी बांधकर आशीर्वाद दिया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लाड़ली बहनों पर पुष्प-वर्षा की और उन्हें स्नेहपूर्वक झूला झुलाया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भाई-बहन के असीम स्नेह एवं अटूट रिश्ते के प्रतीक रक्षाबंधन पर्व की हृदय से शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की लाड़ली बहनों से मिले आशीर्वाद और विश्वास से मैं भाव-विभोर हूँ। बहनों से मिले आशीर्वाद का ही प्रताप है कि प्रदेश विकास के रथ पर निरन्तर चलायमान है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारतीय संस्कृति में अनादिकाल से ही बहनों को देवी के रूप में पूजा जा रहा है। हमारे तीज-त्यौहार समाज के सभी वर्गों को एक सूत्र में पिरोते हैं। भारतीय संस्कृति तीज-त्यौहारों से समृद्ध है। तीज-त्यौहारों से बने सांस्कृतिक सम्बन्धों की वजह से हमारी भारतीय संस्कृति अनादिकाल से सतत रूप से विकासशील है। यूनान, मिस्र व रोम आदि पुरानी सभ्यताएं अपना वैभव खो चुकी हैं, परन्तु भारतीय संस्कृति तीज-त्यौहारों की समृद्धता के साथ कई आक्रांताओं के प्रहार के बावजूद भी चट्टान की तरह अखण्ड वैभव लिये खड़ी है और विश्व में अपना परचम लहरा रही है। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन कार्यक्रम के माध्यम से आप सभी बहनों का आशीर्वाद प्राप्त करने आया हूं।

इस अवसर पर जिले के प्रभारी मंत्री श्री गौतम टेटवाल, सांसद श्री अनिल फिरोजिया, महापौर श्री मुकेश टटवाल, विधायक श्री अनिल जैन कालूहेड़ा, श्री सतीश मालवीय, नगर निगम सभापति श्रीमती कलावती यादव, श्री विवेक जोशी, श्री बहादुर सिंह बोरमुंडला, श्री विशाल राजौरिया, श्री पंकज मिश्रा, श्री जगदीश अग्रवाल, श्री श्याम बंसल, श्री संजय अग्रवाल, श्री हर्षवर्धन सिंह सहित जन-प्रतिनिधि, पार्षदगण और बड़ी संख्या में लाड़ली बहनें उपस्थित रही।

## ग्लोबल साउथ सम्मेलन में 123 देश हुए शामिल

### चीन-पाकिस्तान से फिर किनारा, नहीं दिया गया न्योता

**नई दिल्ली।** भारत की ओर से शनिवार को डिजिटल रूप से आयोजित तीसरे वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ सम्मेलन में दुनियाभर के 123 देश शामिल हुए। हालांकि, चीन और पाकिस्तान को आमंत्रित नहीं किया गया था। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शिखर सम्मेलन के समापन के बाद मीडिया को बताया कि शिखर सम्मेलन का फोकस ग्लोबल साउथ या विकासशील देशों के सामने आने वाली चुनौतियों से एकजुट होकर निपटने पर था।

एस जयशंकर ने बताया कि दिनभर चली शिखर वार्ता के दौरान कई देशों ने गाजा और यूक्रेन संघर्ष का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि गाजा संघर्ष का मुद्दा उठाने वाले देशों ने नागरिकों के हताहत होने पर चिंता व्यक्त की और संघर्ष विराम लागू करने तथा वार्ता फिर से शुरू करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

इस दौरान, जयशंकर ने सवालों के जवाब में कहा कि भारत की मेजबानी में आयोजित सम्मेलन के तीसरे संस्करण में चीन और पाकिस्तान दोनों को आमंत्रित नहीं किया गया। चीन के मामले में अगर पूछेंगे क्या बीजिंग को आमंत्रित किया गया था तो जवाब नहीं होगा।

चीन और पाकिस्तान के साथ भारत के संबंध वर्तमान में सबसे निचले स्तर पर हैं। दोनों देश पिछले साल आयोजित दो पहले वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ समिट का भी हिस्सा नहीं थे।

विदेश मंत्री के अनुसार, सम्मेलन में दुनियाभर के 123 देश शामिल हुए। राष्ट्राध्यक्ष और सरकार के स्तर पर 21 देशों का प्रतिनिधित्व था, जबकि 34 विदेश मंत्री इसमें शामिल हुए। इसके अलावा, 118 मंत्रियों ने भी शिखर सम्मेलन में हिस्सा लिया। इसमें 10 मंत्रिस्तरीय सत्र शामिल थे।

बांग्लादेश में जारी हिंसा के बीच अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने सम्मेलन में भाग लिया। उन्होंने हसीना सरकार के पतन के मद्देनजर अपने देश की स्थिति और भू-राजनीति, कोविड-19 के प्रभाव और जलवायु परिवर्तन सहित दुनिया के सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में बात की। जयशंकर ने कहा कि विदेश मंत्रियों की वार्ता के दौरान आतंकवाद और चरमपंथ को ग्लोबल साउथ के लिए चुनौती के रूप में संदर्भित किया गया।

## भाजपा जम्मू में अकेले चुनाव लड़ेगी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा की रविवार (18 अगस्त) को जम्मू में बैठक हुई। केंद्रीय मंत्री और जम्मू-कश्मीर भाजपा विधानसभा चुनाव प्रभारी किशन रेड्डी, नेशनल जनरल सेक्रेटरी तरुण चुघ और केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह भी बैठक में शामिल हुए।

जम्मू-कश्मीर भाजपा अध्यक्ष रविंदर रैना ने कहा कि पार्टी जम्मू में अकेले चुनाव लड़ेगी। कश्मीर में निर्दलीय उम्मीदवारों का समर्थन कर सकती है। किसी भी पार्टी के साथ गठबंधन नहीं करेगी। बैठक के केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा- बीजेपी चुनाव के लिए 24 घंटे और सातों दिन तैयार है। चुनाव को लेकर हमारी बैठकें और चर्चाएं रेग्युलर चलती रहेंगी। सूत्रों के मुताबिक, भाजपा 21 अगस्त को कैंडिडेट्स की पहली लिस्ट जारी करेगी। पार्टी अगले हफ्ते से चुनाव प्रचार की शुरुआत कर सकती है। पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह चुनावी रैली करेंगे। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मंत्री चौधरी जुल्फकार अली भाजपा में शामिल हो गए हैं। इससे पहले शनिवार (17 अगस्त) को चौधरी जुल्फकार अली ने गृह मंत्री अमित शाह से दिल्ली में मुलाकात की थी।

पेशे से वकील रहे जुल्फकार ने 2008 और 2014 के विधानसभा चुनावों में पीडीपी के टिकट पर राजौरी जिले की दरहाल विधानसभा से चुनाव लड़ा था और जीत हासिल की थी।

2015 से 2018 तक वे महबूबा मुफ्ती के नेतृत्व वाली पीडीपी-बीजेपी गठबंधन सरकार में कैबिनेट मंत्री भी रहे थे। रविंदर रैना ने कहा कि जुल्फकार जम्मू-कश्मीर के बड़े नेता हैं। हम उनका भाजपा में स्वागत करते हैं। उनके शामिल होने से भाजपा को मजबूती मिलेगी।

## जम्मू की कोर्ट ने आतंकी के मददगार को जमानत दी

**श्रीनगर।** जम्मू के चीफ डिस्ट्रिक्ट सेशन जज संजय परिहार ने आतंकी की मदद के आरोप में गिरफ्तार हुए व्यक्ति को जमानत दी। मामला 13 अगस्त का है। जज ने कहा- जब तक दुश्मन की पहचान नहीं हो जाती और उसकी लोकेशन का पता नहीं चलता, तब तक नहीं माना सकते कि संबंधित व्यक्ति दुश्मन के एजेंट के तौर पर काम कर रहा था। किश्तवाड़ के रहने वाले अब्दुल वाहिद को पुलिस एनिमी एजेंट ऑर्डिनेंस के तहत गिरफ्तार किया गया था। उसे पर आतंकी का मददगार होने का आरोप है।

## बच्चों ने चंद्रयान लैंडर बनाकर किया वैज्ञानिक अनुभव

**भोपाल।** मप्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (मेपकास्ट), नेशनल हाइड्रोलॉजी प्रोजेक्ट (भारत सरकार) और मप्र शासन के जल संसाधन विभाग द्वारा भोपाल के विभिन्न विद्यालयों और महाविद्यालयों में प्रथम राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस का आयोजन किया गया। इस श्रृंखला के अंतिम चरण में ट्राइबल वेलफेयर के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भोपाल में विद्यार्थियों में अंतरिक्ष विज्ञान और रॉकेट्री के प्रति आकर्षण और रोचकता पैदा करने के लिए भारतीय अंतरिक्ष दिवस मनाया गया। शासकीय स्कूल के बच्चों ने रॉकेट लांच और चंद्रयान की सॉफ्ट लैंडिंग कर राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया। कार्यक्रम में मप्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के प्रधान वैज्ञानिक विकास शेन्डे द्वारा भारतीय चंद्रयान 3 कार्यक्रम के महत्व और इस लक्ष्य को प्राप्त करने में आने वाली कठिनाइयों के संबंध में बताया गया कि किस प्रकार भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने सफलतापूर्वक इस वैश्विक उपलब्धि को प्राप्त किया। विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रीजनल साइंस सेंटर के परियोजना समन्वयक साकेत सिंह कौरव ने इसरो के साथ चंद्रयान 3 एवं भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया। इसके बाद विशेषज्ञ के रूप में शैलेंद्र कसेरा ने बच्चों को सॉफ्ट लैंडिंग में आने वाली समस्याओं को प्रयोगात्मक रूप से समझने के लिए चंद्रयान सॉफ्ट लैंडिंग प्रतियोगिता करवाई, जिसमें स्कूल के द्वारा चंद्रयान का लैंडर मॉडल डिजाइन कर आसपास के सामान्य घरेलू वस्तुओं से बनाया गया।

## सीएए से लाखों लोगों को मिलेगा न्याय : अमित

**अहमदाबाद।** केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा है कि नागरिकता संशोधन कानून से सिर्फ लोगों को नागरिकता ही नहीं मिलेगा, बल्कि इससे लोगों को न्याय और अधिकार भी मिलेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री ने अहमदाबाद के झील इलाके में एक ऑक्सीजन पार्क का उद्घाटन किया। इस दौरान राज्य के सीएम भूपेंद्र पटेल भी मौजूद रहे। अहमदाबाद में एक कार्यक्रम के दौरान बोलते हुए अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगियों की तुष्टिकरण की राजनीति के चलते देश में शरण मांगने वाले लोगों को न्याय नहीं मिला। पड़ोस के देशों में लोगों को प्रताड़ित किया गया क्योंकि वे हिंदू, बौद्ध, सिख और जैन थे, लेकिन उनके अपने देश में भी उन्हें प्रताड़ना झेलनी पड़ी। विपक्षी गठबंधन की तुष्टिकरण की राजनीति में उन्हें न्याय नहीं मिला, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें न्याय दिया।

## कोलकाता रेप-मर्डर केस, सुप्रीम कोर्ट ने खुद नोटिस लिया

### 20 अगस्त को सीजेआई की बेंच में सुनवाई, सीबीआई ने घटनास्थल की 3डी मैपिंग की

**कोलकाता।** कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर के रेप-मर्डर केस पर सुप्रीम कोर्ट ने रविवार (18 अगस्त) को खुद नोटिस लिया। 20 अगस्त को सुबह 10.30 बजे चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की बेंच मामले की सुनवाई करेगी। बेंच में सीजेआई के अलावा जस्टिस जेबी पादरीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा रहेंगे।

सीबीआई टीम ने आज राधागोविंद कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड की 3ष्ठ लेजर मैपिंग की है। वहीं, कोलकाता की घटना के विरोध में देशभर में डॉक्टरों के प्रोटेस्ट का आज 9वां दिन है। मामले की जांच कर रही सीबीआई ने बताया कि आरोपी संजय का साइकोलॉजिकल टेस्ट किया गया।

सेंट्रल फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी से मनोवैज्ञानिक और व्यवहार विश्लेषकों की 5 मेंबर्स की टीम यह टेस्ट कर रही है। इससे पता चल सकता है कि जघन्य अपराध को लेकर आरोपी संजय की क्या मानसिकता थी।

दरअसल, 9 अगस्त को कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर का रेप के बाद हत्या की गई थी। 14 अगस्त की देर रात इसी अस्पताल में हिंसा हुई, जिसके बाद डॉक्टरों ने प्रदर्शन तेज किया।

कोलकाता पुलिस ने भाजपा की पूर्व सांसद लॉकेट चटर्जी को नोटिस जारी कर 3 बजे पूछताछ के लिए बुलाया। पुलिस ने कहा कि लॉकेट पर ट्रेनी डॉक्टर की पहचान उजागर करने का आरोप है।

## पूर्व मुख्य मंत्री कमलनाथ फिर से प्रदेश में हुए एक्टिव

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमलनाथ प्रदेश की राजनीति में एक बार फिर से एक्टिव हो गए हैं। कमलनाथ पिछले काफी समय से मध्य प्रदेश की राजनीति में समय नहीं दे पा रहे थे हालांकि वह प्रदेश की सभी गतिविधियों पर नजर बनाए हुए थे और सोशल मीडिया के माध्यम से सरकार पर हमला बोल रहे थे। अब एक बार फिर से कमलनाथ भोपाल पहुंच गए हैं और कार्यकर्ताओं से मेल मुलाकात शुरू कर दी। रविवार को उन्होंने सुबह भोपाल के सरकारी निवास पर बहनों से राखी बंधवाई।

पूर्व सीएम कमलनाथ ने सोशल मीडिया के माध्यम से इसकी जानकारी दी। उन्होंने अपने सोशल अकाउंट एक्स पर लिखा कि आज भोपाल में बहनों से राखी बंधवाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। बहनों के इस प्रेम और स्नेह से हृदय में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार होता है। पवित्र राखी हमें बहनों की रक्षा करने की प्रेरणा देती है। ईश्वर मुझे शक्ति दे कि मैं आजीवन बहनों के सम्मान की रक्षा करता रहूं।

## महाराष्ट्र के स्कूल में बिस्किट खाने से 253 छात्रों की बिगड़ी तबीयत

**संभाजीनगर।** महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर जिले के स्कूल में पोषण आहार कार्यक्रम में बिस्किट खाने से बच्चों की तबियत खराब हो गई। 253 बच्चों में फूड पॉइजनिंग के लक्षण देखे गए। इनमें से 80 छात्रों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। एक स्थानीय अधिकारी ने बताया कि जिले के केकेट जलगांव गांव के स्कूल में शनिवार सुबह पोषण आहार कार्यक्रम के तहत बच्चों को बिस्किट दिए गए थे। उसको खाने के बाद बच्चों को मतली व उल्टी की शिकायत शुरू हो गई। ग्राम प्रधान और अन्य अधिकारियों को इसकी जानकारी दी गई, तो वह तुरंत स्कूल पहुंच गए। पीड़ित छात्रों को अस्पताल में पहुंचाया गया। एक ग्रामीण अस्पताल में बच्चों का इलाज हुआ, जहां उनकी हालत स्थिर बताई गई।

## लोकसभा की जीत दोहराएंगे : कांग्रेस

**मुंबई।** महाराष्ट्र में जल्द ही विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में सभी राजनीतिक पार्टियां चुनाव की तैयारियों में जुटी हैं। इस बीच कांग्रेस के एक नेता ने रविवार को कहा है कि आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के लिए महाविकास अघाड़ी की सहयोगी पार्टियों के बीच सीट बंटवारे पर बात चल रही है और सीट बंटवारे में इस बात पर सबसे ज्यादा ध्यान दिया जाएगा कि किस उम्मीदवार के जीतने की सबसे ज्यादा उम्मीद है। कांग्रेस, शिवसेना (यूबीटी) और एनसीपी (एसपी) के गठबंधन महाविकास अघाड़ी ने 16 अगस्त को अपने पदाधिकारियों की एक संयुक्त बैठक की थी। इसी बैठक में इस बात पर चर्चा हुई। राज्य कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष नसीम खान ने बताया कि जीत की संभावना सहयोगी दलों के बीच सीट बंटवारे का आधार होगी और इस पर जल्द से जल्द काम किया जाएगा। खान ने गठबंधन की जीत की संभावना जताते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव के नतीजे निश्चित रूप से विधानसभा चुनाव में भी दोहराए जाएंगे।

नसीम खान ने दावा किया कि सत्तारूढ़ महायुति के वादे झूठे हैं और उनकी तरफ से फर्जी बयान दिए जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि महायुति के कार्यकाल में विकास कम हुआ है और भ्रष्टाचार बढ़ा है। राज्य सरकार ने मुंबई और महाराष्ट्र को कमजोर करने का काम किया है और किसानों की आत्महत्याएं बढ़ी हैं। खान ने दावा किया कि लोग सरकार से नाराज हैं। 16 अगस्त को हुई एमवीए सहयोगियों की बैठक में शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने मांग की कि गठबंधन अक्टूबर-नवंबर में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले ही सीएम के चेहरे का एलान कर दिया जाना चाहिए।

## जेएमएम में हो रहे एकतरफा फैसले और अपमानजनक व्यवहार : चंपई

**रांची**

झारखंड के पूर्व सीएम और झामुमो नेता चंपई सोरेन को लेकर राज्य की राजनीति गरमाई हुई है। भाजपा में शामिल होने की अफवाह के बीच झारखंड के पूर्व सीएम और जेएमएम नेता चंपई सोरेन ने अपना दर्द साझा किया है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया कि अपमान और तिरस्कार के बाद मुझे वैकल्पिक रास्ता तलाशने के लिए मजबूर होना पड़ा।

भारी मन से मैंने विधायक दल की बैठक में कहा कि आज से मेरे जीवन का एक नया अध्याय शुरू होने जा रहा है। मेरे पास तीन विकल्प थे। पहला राजनीति से संन्यास ले लेना, दूसरा अपना अलग संगठन बनाना और तीसरा अगर मुझे इस पथ पर कोई साथी मिल जाए तो उसके साथ आगे का पड़ाव तय करना। उन्होंने कहा कि झारखंड विधानसभा चुनाव तक मेरे पास सभी विकल्प खुले हैं।

दरअसल ऐसी खबरें आ रही हैं कि चंपई सोरेन बगावत कर सकते हैं और झामुमो छोड़कर भाजपा में शामिल हो सकते हैं। चंपई सोरेन रविवार को दिल्ली पहुंचे हैं और ऐसी खबरें है कि यहां वे भाजपा के शीर्ष नेताओं से मुलाकात कर सकते हैं। दिल्ली पहुंचने पर मीडिया से बात करते हुए चंपई सोरेन ने कहा कि वह निजी काम से दिल्ली आए हैं।

चंपई सोरेन कोलकाता से दिल्ली पहुंचे हैं। जब चंपई सोरेन से पूछा गया कि वे कोलकाता क्यों गए थे? तो चंपई सोरेन ने स्पष्ट जवाब नहीं दिया और कहा कि वह इसके बारे में बाद में बताएंगे। साफ है कि चंपई सोरेन ने भाजपा में शामिल होने की बात से इनकार नहीं किया है। ऐसी चर्चाएं हैं कि चंपई सोरेन कई विधायकों के साथ भाजपा में शामिल हो सकते हैं। झारखंड में इस साल विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में अगर चंपई सोरेन भाजपा का दामन थामते हैं तो यह सत्ताधारी झामुमो के लिए बड़ा झटका होगा। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, चंपई सोरेन के पैतृक गांव और माहुलडीह इलाके में स्थित झामुमो के कार्यालय और बाजार से झामुमो के झंडे हटा दिए गए हैं। जमीन घोटाले में जब हेमंत सोरेन को बीती जनवरी में गिरफ्तार किया गया था, जिसके चलते हेमंत सोरेन ने झारखंड सीएम पद से इस्तीफा दे दिया था। हेमंत सोरेन के इस्तीफे के बाद फरवरी में चंपई सोरेन राज्य के सीएम बने। हालांकि जुलाई में जब हेमंत सोरेन जमानत पर जेल से बाहर आए तो चंपई सोरेन ने सीएम पद से इस्तीफा दिया और फिर से हेमंत सोरेन सीएम चुने गए। झारखंड की भाजपा इकाई ने चंपई सोरेन के इस्तीफे को मुद्दा बनाया था और आरोप लगाया कि चंपई सोरेन के इस्तीफे से साफ हो गया है कि झारखंड में हेमंत सोरेन के परिवार के अलावा कोई अन्य नेता राज्य का सीएम नहीं बन सकता। भाजपा ने हेमंत सोरेन पर स्वार्थ की राजनीति करने का आरोप लगाया। भाजपा ने चंपई सोरेन के सीएम पद से हटने को आदिवासी समुदाय का अपमान भी बताया था।

झारखंड को राज्य का दर्जा दिलाने में चंपई सोरेन की अहम भूमिका रही। खासकर राज्य के आदिवासी समुदाय में चंपई सोरेन का अच्छा खासा दबदबा है। चंपई सोरेन को कोल्हन का शेर भी कहा जाता है। ऐसे में अगर चंपई सोरेन झामुमो छोड़कर भाजपा में शामिल होते हैं तो इससे पार्टी को उम्मीद है कि उसे आदिवासी वोटबैंक का अच्छा समर्थन मिल सकता है।

# भाई-बहन के पवित्र प्रेम का महापर्व रक्षाबंधन आज

### बस स्टैंड में मुसाफिरों की लगी भीड़, भाइयों के घर पहुंच रही बहनें

### मिलावटी मिठाई के बिक्री तेज, खाद्य औषधि अमला मौन

**सिंगरौली।** भाई-बहन के पवित्र प्रेम का महापर्व रक्षाबंधन कल दिन सोमवार को मनाया जाएगा। भाई-बहन के इस पवित्र प्रेम को लेकर बहनों में भारी उत्साह है। दूर-दराज से बहने भाई के घरों के लिए रवाना हो रही हैं।

गौरतलब है कि कल दिन सोमवार को रक्षाबंधन का त्योहार है। इस त्योहार के संबंध में ज्योतिषविद् पंडित डॉ. एनपी मिश्र महाप्रबंधक शिवधाम मंदिर बैढन् के अनुसार रक्षाबंधन भारतीय संस्कृतिक और धार्मिक परंपरा का महत्वपूर्ण त्योहार है। जिसे भाई-बहन के रिश्ते को मजबूत करने के लिए मनाया जाता है। यह त्योहार हर साल श्रावण मास की पूर्णिमा को बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। इस दिन बहनें अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधती हैं और उनके लंबी उम्र और खुशहाली की कामना करती हैं। जबकि भाई अपनी बहनों को उपहार देकर उन्हें सुरक्षा का आश्वासन देते हैं। अच्छे मुहूर्त अथवा भद्रा रहित काल में भाई की कलाई पर राखी बांधने से भाई को कार्य सिद्धि और विजय प्राप्त होती है। इधर त्योहार रक्षाबंधन को लेकर युवतियों एवं महिलाओं में खासा उत्साह है। बहन अपने भाई के कलाई पर राखी बांधने के लिए उत्साहित हैं और वही नगर से लेकर कस्बों में रक्षाबंधन के गीत सुनाई दे रहे हैं। साथ ही दुकानों में राखियां सजी हुई हैं। 10 रूपये से लेकर 300 रूपये तक की राखियां बैढन्, नवानगर, जयंत, विंध्यनगर, मोरवा, सरई, माड़ा, चितरंगी, देवसर, निवास, महुआगांव, नवजीवन बिहार, निगरी सहित बगदरा अन्य कस्बों में दुकाने सजी हैं और दुकानदार सस्ती से लेकर महंगे रेशम की डोर बेच रहे हैं। इधर त्योहार को लेकर फलों के दाम में भी वृद्धि हो गई है। सेब, केला के कीमत में 10 से 20 रूपये की बढ़ोत्तरी है। वही मिठाई के दुकानों में भी मिलावट का कारोबार खूब फलफूल रहा है। चर्चा है कि खाद्य औषधि निरीक्षक कार्रवाई के नाम पर पिछले माह खानपूर्ति कर वाहवाही लूटा था। जबकि इस महीने त्योहार के सीजन में कोई बड़ी कार्रवाई नही किया है। जिसके चलते मिलावटी मिठाइयां खूब बिक रही हैं। मावा से लेकर मिलावटी दूध का कारोबार जोर पकड़ा हुआ है। फिर भी खाद्य देवसर अमले की नजर इन मिलावटखोरों पर नही पड़ रही है। जबकि कलेक्टर मिलावटखोरों के विरूद्ध सख्ती के साथ कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया है।

### आज अंतिम सावन सोमवार

अवधूत भगवान भोलेनाथ का प्रिय माह सावन अब अपने समापन की ओर है। सबसे अच्छी बात ये है कि श्रावण मास का समापन सोमवार के दिन हो रहा है। जो व्रत की दृष्टि से बहुत ही अच्छा माना जाता है। यह इस साल का अंतिम सावन सोमवार व्रत होगा। अंतिम सावन सोमवार के दिन 5 शुभ संयोग बन रहे हैं। वैसे तो आप पूरे साल कभी भी शिव पूजा कर सकते हैं। लेकिन सावन सोमवार आपको बार-बार नहीं मिलेगा। अंतिम सावन सोमवार पर आप व्रत और शिव पूजा करके भगवान भोलेनोथ का आशीर्वाद प्राप्त कर लें। वरना इस मौके को चूक गए तो फिर आपको 1 साल तक इंतजार करना होगा। चितरंगी के बरहट निवासी पुरोहित पंडित मटुक तिवारी बतातें हैं कि अंतिम सावन सोमवार कब है। अंतिम सावन सोमवार पर कौन से 5 शुभ संयोग बन रहे हैं।

### 1:32 से लेकर रात्रि 8:13 तक रहेगा श्रेष्ठ मुहूर्तः एनपी

महाप्रबंधक शिवधाम मंदिर बैढन् के ज्योतिषविद् पंडित डॉ. एनपी मिश्र अनुसारइस साल 19 अगस्त सोमवार को रक्षाबंधन मनाया जा रहा है। इस साल रक्षाबंधन के दिन भद्रा सुबह 5 बजकर 53 मिनट से आरंभ हो जाएगा। जो दोपहर 1 बजकर 32 मिनट पर समाप्त होगा। पंचांग के अनुसार इस साल राखी बांधने का शुभ मुहूर्त 19 अगस्त को दोपहर 1:32 से लेकर रात्रि 8:13 तक श्रेष्ठ रहेगा। रात्रि 8ः14 से पंचक प्रारंभ हो जाएगा। पंचक में भी रक्षाबंधन श्रेष्ठ नहीं माना जाता है।

# पुलिस परिवार की बेटियों और छात्राओं ने एसपी की कलाई में बांधी राखी, मनाया गया रक्षाबंधन का पर्व

**सिंगरौली।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता के साथ रक्षाबंधन महापर्व का त्यौहार मनाने पहुंची पुलिस परिवार की बेटियों एवं सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिलौंजी की छात्राओं का पुलिस अधीक्षक कार्यालय में स्वागत किया गया। जैसे ही पुलिस अधीक्षक को छात्राओं के आने की सूचना प्राप्त हुई, वैसे ही रविवार अवकाश होने के बावजूद भी तत्काल ऑफिस पहुंचकर उपस्थित सभी छात्राओं से मिलकर सभी का अभिवादन स्वीकार किया। पुलिस परिवार की ओर से सृष्टि-अलंकृता, सरस्वती विद्यालय की ओर से पलक-दिव्या द्वारा पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। छात्राओं द्वारा पुलिस अधीक्षक को अक्षत तिलक लगाकर, आरती कर उनकी कलाई में राखी बांधी गई व मिष्ठान खिलाया गया। पुलिस अधीक्षक ने आशीर्वाद देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना कर, उनका उत्साहवर्धन किया इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक द्वारा उपस्थित सभी छात्राओं को राखी के त्यौहार का महत्व बताया गया। साथ ही उनकी पूर्ण सुरक्षा का आश्वासन दिया गया। बच्चों से बातचीत कर उनके आत्मविश्वास को बढ़ाया गया तथा उन्हें सुरक्षा के प्रति जागरुक किया गया। रक्षाबंधन कार्यक्रम में शामिल छात्राओं को एसपी द्वारा आशीर्वाद देते हुए चॉकलेट व गिफ्ट भेंटकर सभी का उत्साहवर्धन किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा छात्राओं को बताया गया कि रक्षाबंधन का त्योहार सभी के प्यार और अटूट रिश्ते का प्रतीक है। आप पुलिस को अपने बड़े भाई या बहन के रुप में संरक्षक की तरह मानें जो आपकी रक्षा करते हैं। बच्चों में सुरक्षा का भाव पैदा करते हुए बताया गया कि पुलिस आपके सुरक्षा के लिए हमेशा तत्पर व मौजूद है। बच्चों और पुलिस के बीच एक विशेष बंधन होता है जिससे पुलिसकर्मियों को भी समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का एहसास होता है। रक्षाबंधन का त्यौहार मनाने के बाद छात्राओं एवं शिक्षिकाओं ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय का भ्रमण किया एवं कार्यालयीन स्टॉफ की दिनचर्या को जाना। छात्राओं ने अपने इस कार्यक्रम को एक अच्छा अनुभव बताया। अंत में पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की गई एवं नारी शक्ति को प्रबल रूप से आगे आने एवं सुदृढ़ समाज को विकसित करने में मुख्य भूमिका में रहकर जागरूक रहने के लिए आवाहित किया गया।

# सूने आवास पर चोरों ने दिनदहाड़े बोला धावा, लाखों का सामान किया पार

### खुटार चौकी क्षेत्र का मामला,जांच में जुटी पुलिस

**सिंगरौली**

खुटार चौकी क्षेत्र अंतर्गत पड़ैनिया में दिनदहाड़े अज्ञात चोरो ने सूने आवास को निशाना बनाते हुए नगदी समेत लाखो रुपए की सामग्री पा कर दिये। जिसकी शिकायत पीड़ित ने खुटार चौकी में दर्ज करायी है। खुटार पुलिस ने अज्ञात चोरो के खिलाफ मामला कायम कर पता तलाश में जुट गई है। जानकारी के अनुसार पड़ैनिया निवासी पं.शांतिप्रिय द्विवेदी के घर में दिनदहाड़े अज्ञात चोरो ने सूने आवास को निशाना बनाकर नगदी समेत लाखो रुपए की गहने जेवरात समेत अन्य सामग्री पा कर दी। बताया जाता है कि पं.शांतिप्रिय द्विवेदी दूसरे गांव गए हुए थे,वहीं बच्चे स्कूल गए हुए थे। जिसका फायदा उठाते हुए बदमाशों ने दिनदहाड़े घर ताला तोडक़र अंदर घूसे और आलमारी में रखे नगदी समेत लाखो रुपए की सोने चांदी के जेवरात चोरी कर रफुचक्कर हो गए। जब इसकी जानकारी घर वालों को लगी तो होश उड़ गए। आनन-फानन में पीड़ित ने खुटार चौकी पहुंचकर चोरी की शिकायत दर्ज कराई। जहां खुटार पुलिस ने अज्ञात चोरो के खिलाफ मामला कायम कर पता तलाश में जुट गई है।

# भारी बारिश से गिरा मकान

### वार्ड पार्षद पहुंचे मौके पर,हल्का पटवारी को दी सूचना

**सिंगरौली।** जिला मुख्यालय अंतर्गत नगर पालिक निगम सिंगरौली के वार्ड क्रमांक 38 ढोंटी में रविवार की सुबह बारिश के दौरान रामचत्रि साकेत,बबई साकेत, चेतलाल पनिका, विनोद पनिका व अनिल पनिका का मकान गिर गया। जिसकी जानकारी लोगो ने वार्ड क्रमांक 38 के पार्षद अनिल कुमार वैश्य को दी गई। जहां मौके पर पहुंचे पार्षद ने स्थ्रल का जायजा लेते हुए इसकी जानकारी हल्का पटवारी समेत जिला प्रशासन को दिया। वहीं पार्षद ने प्रशासन से कहा है कि इनका मौका मुआयना कर उचित मुआवजा दिलाया जाए ताकि गरीब परिवार अपना आसियाना बनाकर रह सके।

# दिल्ली के मुख्य मंत्री का ट्रामा सेंटर मे फल वितरण करके के महापौर ने मनाया जन्मदिन

**सिंगरौली।** ट्रामा सेंटर मे महापौर एवं प्रदेश अध्यक्ष रानी अग्रवाल ने ट्रामा सेंटर मे वृक्षारोपण किया गया। साथ ही अस्पताल मे मरीजों को फल वितरण करके मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल का जन्मदिन मनाया गया। श्रीमती अग्रवाल ने केजरीवाल जो को दीर्घायु होने के लिए बस स्टैंड मे हनुमान जी के मंदिर मे पूजा अर्चना की श्रीमती रानी अग्रवाल ने कहा की जननायक का जन्म लोक कल्याण के लिए हुआ है। जब तक सर्व हारा बर्ग का सामाजिक,आर्थिक, शैक्षिनिक विकास नहीँ हो जाता तब तक जीवन रहेगा ऐसी अपेक्षा है। आगे उन्होंने कहा की केजरीवाल ने जो सामाजिक समरसता का जो संकल्प लिया है वो निश्चित रूप से पूर्ण होगा इस कार्यक्रम मे अभिमन्यु देव चंदेल, नीरज कुशवाहा, अशोका साह, रियाज़ मोहम्मद, कुम्बेश्वर जायसवाल, अक्षय साह, रतिभान प्रसाद सतीश सिंह , मोहित सिंह,अर्जुन साह संजय साह राजेश रुद्रम श्याम सुन्दर विवेक कुशवाहा आदि कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बहनों के आशीर्वाद से प्रदेश में विकास के रचेंगे नए-नए कीर्तिमान : मुख्यमंत्री

**सिंगरौली।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बहनों के आशीर्वाद से प्रदेश में विकास के नए-नए कीर्तिमान रचेंगे। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की और तेजी से अग्रसर है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने बहनों को मान-सम्मान दिलाने का काम किया हैं। पंचायत एवं स्थानीय निकायों के निर्वाचन में महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान जारी रहेगा, जिससे बहनों का सशक्त नेतृत्व प्रदेश को मिलता रहेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उज्जैन के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव उज्जैन के ग्राम लेकोडा में लाडली बहना रक्षाबंधन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में बहनों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधे। मुख्यमंत्री ने भी बहनों को स्नेहपूर्वक झूला झुलाया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को बहनों ने विशाल राखी भेंट कर आशीर्वाद दिया। मुख्यमंत्री ने उपस्थित सभी बहनों को उपहार भेंट किये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कन्या-पूजन और दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बहनों के जीवन में खुशहाली लाने के लिए मध्यप्रदेश सरकार कृत संकल्पित है। लाडली बहनों के खाते में प्रतिमाह डाले जाने वाली 1250 रुपए की राशि के अतिरिक्त रक्षाबंधन के पर्व के अवसर पर शगुन के रूप में 250 रुपए की अलग से राशि अंतरित की गई है। उपस्थित सभी बहनों ने अपने हाथ खड़ा कर अपने खाते में राशि आने की सहमति जताई। लाड़ली बहनों ने कार्यक्रम में मेरे प्यारे भैया लिखी तख्तियां दिखाकर स्नेह जताया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सच्चे अर्थों में हमारे गांव संबंधों के महत्व को प्रदर्शित कर रहे हैं। तीज त्यौहार की संस्कृति आज भी गांवों में जीवित है। हमारे गांव और गांव के लोग बहनों के आदर सम्मान की शिक्षा पूरे विश्व को दे रहे हैं। भारत की कुटुंब परंपरा में माता-पिता और बहन के आशीर्वाद से ही सभी देवी देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त हो जाता। सभी असंभव कार्य संभव हो जाते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जहां दुनिया के सारे देश अपने पिता के नाम से जाने जाते हैं वहीं हमारे देश में भारत माता के साथ पूरे विश्व को धरती मां के रूप में पूजा जाता हैं। मातृ संस्कृति का इससे बड़ा उदाहरण दूसरा नहीं हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अवंतिका नगरी के महत्व को उल्लेखित करते हुए बताया कि हर युग में जिसका अस्तित्व हो, जिसका कभी अंत न हो वह अवन्तिका नगरी है। उज्जैन के सांदीपनि आश्रम में ही भगवान श्री कृष्ण और बलराम 5 हजार वर्ष पूर्व शिक्षा ग्रहण करने आए थे। उन्होंने कहा कि भारत में तीज त्योहारों की परंपरा अद्भुत हैं। राज्य सरकार सभी त्यौहार समाज को साथ जोड़कर उत्साह पूर्वक मनायेगी। जन्माष्टमी का पर्व पूरे प्रदेश में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। बाबा महाकाल की सवारी में जनजातीय कलाकारों और पुलिस बैंड की प्रस्तुति, डमरू आदि गतिविधियों के माध्यम से सवारी का वैभव और आनंद निरंतर बढ़ रहा हैं।

# गाय से टकराई बाइक,चालक की मौत

**सिंगरौली।** सरई थाना क्षेत्र के तिनगड़ी चौकी क्षेत्र अंतर्गत शनिवार की देर रात एक बाइक सवार युवक ड्यूटी से वापस घर आने के दौरान कोल्हूआ में बाइक गाय से टकरा गई। जहां इस घटना में युवक की स्थल पर दर्दनाक मौत हो गई। मौत की खबर घर वालों को लगते ही घर में कोहराम मच गया। मिली जानकारी के अनुसार किशन कुमार सिंह पिता गोरेलाल सिंह निवासी देवरा कोल्हूआ प्लांट से ड्यूटी कर शनिवार की रात लगभग 11 बजे वापस अपने घर जा रहा था। जहां कोल्हुआ में उसके बाइक की टक्कर गाय से हो गई। जहां उसके सिर में गंभीर चोट आने की वजह से घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी राहगिरों को होने पर उसकी सूचना पुलिस को दी। जहां मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना देने के बाद पंचनामा प्रक्रिया उपरांत शव का पीएम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

# चितरंगी पुलिस ने बालिका को दस्तयाब कर परिजनो को किया सुपुर्द

**सिंगरौली।** मप्र शासन व पुलिस मुख्यालय द्वारा भोपाल द्वारा महिलाओ व बच्चो के विरुद्ध होने वाली घटनाओ में शीघ्र एवं प्रभावी कार्यवाही करने हेतु आवश्यक निर्देश प्रसारित किए गए है, जिसको दृष्टिगत रखते हुये पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता द्वारा दिये गये निर्देशो के पालन में जिला स्तरीय विशेष अभियान आपरेशन मुस्कान किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशो के पालन में शिव कुमार वर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला सिंगरौली, आशिष जैन, एसडीओपी चितरंगी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी चितरंगी उप निरीक्षक बीपी कोल व पुलिस टीम ने बालिका को थाना देवसर क्षेत्र से दस्तयाब कर परिजनो को सुपुर्द किया । पुलिस के अनुसार फरियादी निवासी थाना चितरंगी जिला सिगरौली का रिपोर्ट दर्ज कराया कि मेरी लडकी उम्र 17 वर्ष दिनांक 31-07-2024 को बिना किसी को बताये कहीं चली गई। आस पास एवं रिस्तेदारो में पता तलाश किया लेकिन कही पता नही चला। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना चितरंगी मे अज्ञात आरोपी के विरूध्द अपराध क्रमांक 312/2024 धारा 137(2) ब्नहस का प्रकरण पंजीबध्द किया जाकर पता तलाश की गई। जिसे दिनांक 08-08-2024 को थाना क्षेत्र देवसर से दस्तयाब किया गया है। उक्त कार्यवाही मे उप निरीक्षक बीपी कोल, सउनि उमेश तिवारी, आर. भैयालाल यादव, मआर मांगी सोलंकी, वर्षा पंथी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# एनसीएल के अधिकारी एवं ठेकेदार के आवास पर सीबीआई की छापामार कार्रवाई

### सीएमडी के पीए एवं चर्चित ठेकेदार के यहां करोड़ों रूपये कैश एवं सोने-चॉदी मिलने की चर्चा, सीबीआई नई दिल्ली टीम ने की कार्रवाई, मचा हडकंप, सोमवार तक के लिए रिमांड पर

**सिंगरौली।** शनिवार की रात एवं आज दिन रविवार की सुबह एनसीएल हेडक्वाटर सिंगरौली में सीएमडी के पीए एवं नवजीवन बिहार विंध्यनगर के इन्दपुरी कॉलोनी ढोटी वार्ड क्रमांक 31 में चर्चित ठेकेदार के आवास पर सीबीआई नई दिल्ली के टीम ने रेड करते हुये करोड़ों रूपये कैश एवं सोने-चॉदी के जेवरात बरामद कर जप्त किये जाने की चर्चा है। हालांकि अधिकृत रूप से सीबीआई टीम के सदस्य मीडियाकर्मियों के सवालों से बचते नजर आए।

जानकारी के मुताबिक आज दिन रविवार की अल सुबह सीबीआई नई दिल्ली की टीम के करीब दो दर्जन अधिकारी-कर्मचारी एनसीएल हेडक्वाटर स्थित सीएमडी के पीए सूबेदार ओझा के आवास एवं ऑफिस समेत सुरक्षा विभाग में पदस्थ बसंत कुमार सिंह के यहां दबिश देते हुये छापामार कार्रवाई किया है। वही दूसरी टीम एनसीएल के बहुचर्चित ठेकेदार व सप्लायर रविशंकर सिंह के आवास जयंत एवं इन्दपुरी कॉलोनी ढोटी वार्ड क्रमांक 31 में दबिश देते हुये भारी मात्रा में करोड़ों रूपये कैश बरामद कर जप्त किया गया है। सीबीआई की यह कार्रवाई बीती रात करीब 10 बजे से शुरू हुई और रविवार की अल सुबह करीब 6 बजे से चली है। सप्लायर के यहां से भारी मात्रा में दस्तावेज बरामद किये जाने की चर्चाएं की जा रही है कि सीएमडी के पीए के यहां से करीब 4 करोड़ एवं ठेकेदार के यहां से 10 लाख रूपये कैश मिला है। हालांकि इसकी अधिकारिक पुष्टि नही हो पाई है।

### रिमांड पर पीए व ठेकेदार व उनकी पत्नी एवं सुरक्षाधिकारी

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सीबीआई ने सीएमडी के पीए सूबेदार ओझा, सप्लायर संविदाकार रविशंकर सिंह एवं एनसीएल के सुरक्षाधिकारी बीके सिंह को गिरफ्तार कर जिला एवं सत्र न्यायालय बैढन् में पेश किया। जहां से उन्हें रिमांड पर ले लिया है। एनसीएल में सीबीआई की इस कार्रवाई से हडकंप मचा हुआ है।

### करोड़ों रूपये के सप्लाई से जुड़ा है मामला

सूत्र बतातें हैं कि एनसीएल में सप्लायर रविशंकर सिंह की तूती बोलती है। सिंगरौली से लेकर जबलपुर एवं बिहार तक कई सहयोगी जुड़े हुये हैं। जहां उन्हीं के माध्यम से कारोबार खूब फलफूल रहा था। सूत्र बतातें है कि करीब एक दशक से एनसीएल हेडक्वाटर सिंगरौली में दबदबा था। जहां पूर्व में पदस्थ एनसीएल सिंगरौली के तीन सीएमडी मुरली, पीके सिन्हा एवं भोला सिंह के काफी नजदीकी रहें हैं और उनसे बेहतर तालमेल था। रविशंकर सिंह संविदाकार से कितना लाभ अर्जित हुआ यह तो जांच के बाद पता चल जाएगा।

# देश की हर बहनों की रक्षा और आत्मनिर्भर बनाने के लिए पार्टी प्रतिबद्ध : देव कुमार

भारतीय जनता पार्टी

भारतीय जनता पार्टी
जिला -सीधी (म.प्र.)
पंचनिष्ठाएं

**सीधी।** महिला मोर्चा ने मनाया रक्षाबंधन उत्सव सीधी। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा ने भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान के मुख्य आतिथ्य एवं प्रदेश कार्य समिति सदस्य इंद्र शरण सिंह चौहान और पूर्व जिलाध्यक्ष के के तिवारी की विशिष्ट उपस्थित और मोर्चा अध्यक्ष पूनम सोनी की अध्यक्षता मे रक्षाबंधन उत्सव हर्षोल्लास के साथ पार्टी कार्यालय में मनाया।

महिला मोर्चा की सभी बहनों ने उपस्थित पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ-साथ अतिथियों की कलाई में रक्षा सूत्र बांधकर रक्षाबंधन की बधाई दी और सभी ने बहनों की रक्षा और आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प दोहराया। रक्षाबंधन की राखी बंधवाने के पश्चात भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने कहा कि रक्षाबंधन के पवित्र अवसर पर सभी बहनों को शुभकामनाएं। भारतीय जनता पार्टी देश की प्रत्येक बहनों की रक्षा, समृद्धि और सुरक्षा के लिए के साथ-साथ उनके कल्याण के लिए निरंतर कार्य करती रहेगी और कार्य कर रही है। लाडली बहना, लाडली लक्ष्मी सहित नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से हमने बहनों को रक्षाबंधन के पूर्व ही उपहार दिया है।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्य समिति के सदस्य इंद्र शरण सिंह चौहान ने रक्षाबंधन उत्सव की महिमा को विस्तार से बताते हुए कहा कि राखी बहनों के प्रति भाइयों का स्नेह प्रकट करने का त्यौहार है। उनकी रक्षा करने का वचन देने का त्यौहार है। पूर्व जिला अध्यक्ष मऊगंज जिला संगठन प्रभारी के के तिवारी ने कहा कि महिला मोर्चा की बहनों ने आज रक्षाबंधन का उत्सव मनाया है। इसके पीछे की भावना बहनों के कल्याण की कामना है। महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष पूनम सोनी ने सभी पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को महिला मोर्चा की बहनों के साथ राखी बांधकर रक्षाबंधन उत्सव मनाया। इसके पश्चात हल्दी चंदन और मुंह मीठा करा कर रक्षाबंधन की पवित्र भावना को रखा।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से डा देवेन्द्र त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष डॉ विक्रम सिंह चौहान, प्रमोद द्विवेदी, अनिल पांडे, ज्योति कुशवाहा, सुरेंद्र मणि दुबे, मंडल अध्यक्ष मुनिराज विश्वकर्मा, राकेश मौर्य, संगीता सिंह, कंचन केसरी, पार्षद सुशा देवी कोल, गीता सिंह, तारा साहू ,रीता जायसवाल, रेखा साहू, पूजा तिवारी, सविता सोनी, गायत्री मिश्रा, निशा पटेल, निशा सिंह, महिमा तिवारी, प्रियंका द्विवेदी, उमा सोनी सहित अनेक पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जिले में औसत वर्षा 809.0 मि.मी. दर्ज, रामपुर नैकिन में सर्वाधिक वर्षा

**सीधी।** अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 18 अगस्त को सीधी जिले में 1.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 5.5 मि.मी., चुरहट में 0.0 मि.मी., गोपद बनास में 5.2 मि.मी., सिहावल में 0.0 मि.मी., बहरी में 2.8 मि.मी., मझौली में 0.0 मि.मी. और कुसमी में 0.0 मि.मी. वर्षा हुई है।

उल्लेखनीय है कि जिले में अब तक 809 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। 01 जून से 18 अगस्त तक तहसील रामपुर नैकिन में सर्वाधिक वर्षा 990.8 मि.मी. दर्ज की गई है। तहसील चुरहट में 690.2, गोपद बनास में 838.6, सिहावल में 778.8, बहरी में 683.0, मझौली में 712.0 और कुसमी में 970.0 मि.मी. औसत वर्षा हुई है जबकि गतवर्ष इसी अवधि में जिले में 486.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई थी। गतवर्ष की तुलना में इस वर्ष 322.1 मि.मी. औसत वर्षा अधिक हुई है।

# अजीता द्विवेदी को सोमालोब समारोह में सम्मानित किया गया

**सीधी।** सोमालोब साहित्यिक मंच मुख्यालय सीधीमध्यप्रदेश में सैकड़ो देश एवं कई प्रदेश के कवियों लेखकों का जमावड़ा विगत दिनों रोली मेमोरियल में था। उस भरे पूरे सार्वजनिक समारोह में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सी एम राइज सीधी की सक्रिय शिक्षिका श्रीमती अजीता द्विवेदी को सम्मानित किया गया। सम्मान देते समय सोमालोब के मंच पर श्रीमती रीती पाठक विधायक सीधी, डॉ सत्येन्द्र शर्मा पूर्व अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा, डॉ प्रणय विभागाध्यक्ष हिन्दी मानिकपुर चित्रकूट, डॉ अनुराग मिश्रा हिन्दी विभाग अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा, डॉ सूर्यनारायण गौतम वेदाचार्य शोध विभाग एकलव्य विश्व विद्यालय दमोह, सोमालोब के साहित्यकार अध्यक्ष डॉ श्रीनिवास शुक्ल सरस सीधी जैसी हस्तियाँ उपस्थित थी। कार्यक्रम के प्रारंभ में अजीता दिवेदी ने मुख्य अतिथि रीती पाठक विधायक सीधी का बैज लगाकर स्वागत किया। कहना न होगा कि अजीता द्विवेदी सीधी जिले एक ऐसी शिक्षिका हैं जो सदैव संगीत साहित्य संस्कृति के आयोजनों एवं समाज सेवा में स्काउट में योग में संगीत में सदैव बढ चढकर हिस्सा लेती हैं। अत: सम्मान पाने के योग्य है। सम्मान पाने पर बधाई देने वालों में जिला शिक्षा अधिकारी प्रेमलाल मिश्रा, उत्कृष्ट प्राचार्य शंभू नाथ त्रिपाठी, रामकृष्ण तिवारी, राजेश तिवारी, श्रावण शुक्ला, उमा प्रसाद शर्मा, सीएम् राइज प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ पानी टंकी एवं समस्त स्टाफ पूनम सोनी, कंचन केसरी एवं समस्त टीम गुड़िया पांडे, मीरा सिंह, पुष्पा सिंह, शशि शर्मा आदि ने शुभ कामनाएं प्रेषित की।

# रक्षाबंधन पर सांसद ने हर बहन बेटी की सुरक्षा और समृद्धि के संकल्प को दोहराया

सीधी

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉक्टर राजेश मिश्रा ने रक्षाबंधन के पावन पर्व की पूर्व संध्या पर बहनों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं देते हुए उनकी सुरक्षा और समृद्धि के संकल्प को दोहराया।

सांसद डॉक्टर राजेश मिश्रा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार के मुखिया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुखिया डॉक्टर मोहन यादव ने हर बहन बेटी को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेक योजनाएं चला रही हैं। जिसमें मुख्य रूप से महिला शक्ति योजना, महिला निधि योजना, महिला समृद्धि, महिला ई हाट योजना, महिला सुरक्षा योजना, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के जरिए महिलाओं को गैस सिलिंडर देना, जनधन योजना के तहत खाता खुलवाना, मुस्लिम महिलाओं को लेकर तीन तलाक को कानूनी रूप से खत्म करना, नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं, बहन, बेटियों के लिए टर्निंग प्वाइंट साबित होगी। नारी शक्ति वंदन अधिनियम से बहन बेटियां जहां एक ओर लोकसभा, विधानसभा से लेकर पंचायत तक मे शानदार उत्तरदायित्वों का निर्वहन करते हुए भारत को दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने में सहयोगी होंगी।

सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने कहा कि हमारी सरकार बहनों के जीवन स्तर और उनके सर्वांगीण विकास के लिए कृत संकल्पित है। भारतीय जनता पार्टी चाहे वह संगठन हो या सरकार सभी में महिलाओं की बराबर की हिस्सेदारी है। स्व सहायता समूह के माध्यम से आज बहने आत्मनिर्भर बन रही है।

# श्री मुकुंद पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल बहरी में 78वे स्वतंत्रता दिवस पर हुआ शानदार आयोजन

**सीधी।** क्षेत्र की अग्रणी संस्था श्री मुकुंद पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल में 78वे स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। संस्कृति त्योहारों के उत्सव में इस कार्यक्रम की शुरुआत में मुख्य अतिथि पुनीत सिंह चंदेल के द्वारा ध्वजारोहण किया गया तत्पश्चात् सरस्वती मां की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं देश के लिए शहीद हुए शहीदों पर श्रद्धांजलि देकर विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमो से इस दिन को और हमारे देश के स्वतंत्रता सेनानियो को याद किया गया।

इस अवसर पर क्षेत्र के आमजन एवम विद्यालय के अभिभावकों का आगमन हुआ एवम उनकी उपस्थिति में नन्हे मुन्ने बच्चो ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। विद्यालय के संचालक अखिलेश द्विवेदी, प्राचार्य अवनीश द्विवेदी, प्रबंधक अतुल पाण्डेय, रवि जायसवाल, विकाश सिंह, प्रदीप द्विवेदी सहित समस्त शिक्षक गण प्रेमसागर शुक्ला, शीतला प्रसाद द्विवेदी, शुभलायक विश्वकर्मा, अर्जुन उपाध्याय, रामसागर विश्वकर्मा,भोला प्रसाद द्विवेदी, सनत गौतम, निधि द्विवेदी, सुभद्रा मिश्रा, अंजली द्विवेदी, ज्योत्सना सिंह, सुष्मिता द्विवेदी, सुनील रावत, सूर्यभान प्रजापति द्वारा छात्र/छात्राओं को इस अवसर पर ढेर सारी शुभकामनाएं दी गई एवं मिष्ठान वितरण किया गया।

Shot on OnePlus
2024.08.15 10:00

# हर बहन का सर्वांगीण विकास हमारी सरकार की प्रतिबद्धता : रीती

सीधी

भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेत्री एवं सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक ने रक्षाबंधन की पावन अवसर पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की सरकार बहनों के जीवन स्तर को ऊपर उठने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। लाडली बहनों के खाते में हमारे मुख्यमंत्री डॉ यादव ने मिठाई की राशि पहले ही खाते में डाल दी है। हर बहन का विकास हमारी सरकार की प्रतिबद्धता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक करोड़ लखपति दीदी बनाने की घोषणा की है, जो रक्षाबंधन पर हम सभी के लिए उपहार है।

# कार्यकर्ताओं का सम्मान ही पार्टी का सम्मान, कार्यकर्ता बढ़ा-पार्टी बढी : सांसद

सीधी

भारतीय जनता पार्टी व्यौहारी विधानसभा का कार्यकर्ता सम्मेलन लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ राजेश मिश्रा के मुख्य आतिथ्य एवं स्थानीय विधायक शरद कल की विशिष्ट उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यकर्ता सम्मान के समारोह के पश्चात लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉक्टर राजेश मिश्रा ने कहा कि कार्यकर्ताओं का सम्मान केवल और केवल भारतीय जनता पार्टी में ही होता है। अन्य पार्टियों में तो वर्कर होते हैं। भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता बढ़ता है, तो पार्टी भी उसी गति से आगे बढ़ती है। भारतीय जनता पार्टी एक कार्यकर्ता आधारित दल है।

सैकड़ो कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने कहा कि कार्यकर्ताओं का सम्मान करते हुए मैं स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। हमने अपने कार्यकर्ताओं को त्रिदेव यानी ब्रह्मा ,विष्णु ,महेश और पंच परमेश्वर की संज्ञा से नवाचार नवाजा है। इन्हीं के दम पर पार्टी आज विश्व की नंबर एक पार्टी बनी हुई है। कार्यकर्ताओं का स्वाभिमान ही पार्टी का स्वाभिमान है।

स्थानीय विधायक शरद कोल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता अपने आप में महान होता है क्योंकि वह बिना किसी अपेक्षा के भारत माता की सेवा ही पार्टी की सेवा मानकर निरंतर जुटा रहता है। चाहे वह ठंडी हो ,चाहे गर्मी हो या भयंकर बरसात हो, हर मौसम में पार्टी का जो कार्यक्रम आता है, जो दिशा निर्देश प्राप्त होता है, वह पार्टी का झंडा लेकर उसे पूर्ण करने हेतु जुट जाता है। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सुरेंद्र मणि दुबे ने बताया कि सांसद डॉक्टर राजेश मिश्रा के व्यौहारी पहुंचने पर जगह-जगह शानदार स्वागत हुआ। लाडली बहन और लाडली लक्ष्मी ने जगह-जगह काफिले को रुकवा कर पुष्प गुच्छ एवं कलश दिखाकर अभिनंदन किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से ब्यौहारी नगर परिषद अध्यक्ष श्रीकृष्ण गुप्ता राजन,जिला उपाध्यक्ष सात्तिका प्रसाद तिवारी, डॉ देवेंद्र त्रिपाठी,सांसद प्रतिनिधि विमलेश मिश्रा, पुष्पेंद्र पटेल ,मंडल अध्यक्ष ओम प्रकाश सोनी, राजेश द्विवेदी, वीरेंद्र बैस, श्यामपाल तिवारी, संजय गुप्ता, नीरज गुप्ता,सुधीर पांडेय,मोती सिंह,सज्जन सिंह,सौरव शुक्ला,राहुल द्विवेदी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह में प्रभारी मंत्री ने बिखेरी चंदेरी हस्तशिल्प की छटा

सीधी

सीधी के पुलिस परेड मैदान में 78वां स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। प्रदेश के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा जिले के प्रभारी मंत्री श्री दिलीप जायसवाल ने समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में ध्वजारोहण करके परेड की सलामी ली। समारोह में प्रभारी मंत्री जी का परिधान सबके आकर्षण का केंद्र रहा। प्रभारी मंत्रीजी के भाल पर सुशोभित चंदेरी हस्तशिल्प की पग?ी (साफे) ने प्रदेश की सुप्रसिद्ध हस्तशिल्प कला की छटा समारोह में बिखेरी।

# जनपद सीईओ के खिलाफ कमिश्नर को सौंपा गया ज्ञापन

**सीधी।** जिले के जनपद पंचातय रामपुर नैकिन की महिला सभापतियों ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजीव तिवारी के कृत्यों से परेशान होकर मोर्चा खोल लिया है। जनपद सीईओ से अपमानित होकर महिला सभापतियों ने रीवा कमिश्नर को ज्ञापन देकर सीईओ के विरुद्ध कार्यवाही कराने की मांग की हैं। कमिश्नर बीएस जामोद रीवा संभाग को जनपद पंचायत रामपुर नैकिन के सभी स्थाई समितियों की महिला सभापति श्रीमती अंकिता सीएस सिंह सभापति जैव विविधता के नेतृत्व में लिखित रूप में 7 बिन्दुओ की जनपद सीइओ की शिकायत की। इस अवसर पर श्रीमती सीमा पाण्डेय सभापति कृषि स्थाई समिति, श्रीमती करता सिंह सभापति महिला एवं बाल विकास, श्रीमती प्रभा विश्वकर्मा वन स्थाई समिति, अरुण शेखर त्रिपाठी सभापति निर्माण संकर्म समिति आदि उपस्थित रहे। इस दौरान कमिश्नर बीएस जामोद ने स्वयं हर विभाग के संभागीय अधिकारियों को फोन कर जनपद पंचायत रामपुर नैकिन की सभी स्थानीय समितियों की बैठक सभापतियों से चर्चा कर आयोजित कराने के निर्देश दिये। कमिश्नर रीवा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए उक्त मामले की जांच विकास आयुक्त डीएस सिंह को सौपकर 1 सप्ताह में रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। सौंपे गए शिकायती पत्र में कहा गया है कि जनपद पंचायत रामपुर नैकिन के मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजीव तिवारी द्वारा जनपद की सामान्य प्रशासन समिति एवं सामान्य सभा की बैठकों की जानकारी नहीं दी जाती। हम स्वयं से जानकारी एकत्र करके अगर बैठक में जाते हैं तो हम लोगों का प्रस्ताव बैठक की कार्यवाही में नहीं लिखा जाता। जनपद सीईओ के द्वारा महिला सभापतियों और सदस्यों को अपमानित किया जाता है। महिला सभापतियों का कहना था कि जनपद पंचायत रामपुर नैकिन के सीईओ द्वारा अकारण सामान्य प्रशासन समिति एवं सामान्य सभा की बैठकों का आयोजन नहीं किया जा रहा है। कई बार तिथि निर्धारित करने के पश्चात उनको ऐन मौके पर निरस्त कर दिया जाता है। इसके लिए कभी कभार व्हाट्सएप ग्रुप का सहारा लिया जाता है। महिला सभापतियों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि जनपद सीईओ द्वारा महिला सभापतियों को अपमानित करने की मंशा से लगातार इस तरह किया जा रहा है। जिससे बैठकों का आयोजन न हो, उसमें जनपद सदस्यों की ओर से कोई प्रस्ताव न आए और सबकुछ जनपद पंचायत सीईओ की मंशा से होता रहे। इस संबंध में कई बार आपत्ति व्यक्त करने के बाद भी जब कोई नतीजा नहीं निकला तो कमिश्नर रीवा से लिखित शिकायत करने का निर्णय लिया गया है। जनपद रामपुर नैकिन के सीईओ द्वारा अपने पत्र क्र. 491 दिनांक 25 जून 2024 के द्वारा दिनांक 5 जुलाई 2024 को समय 12 बजे से सामान्य प्रशासन समिति की बैठक आयोजन की सूचना दी गई। इसी तरह पत्र क्र. 489 दिनांक 25 जून 2024 को पत्र जारी कर सामान्य सभा की बैठक दोपहर 2 बजे से आयोजित करने की सूचना दे दी गई। सामान्य प्रशासन समिति एवं सामान्य सभा की बैठक अकारण दिनांक 4 जुलाई 2024 को पत्र क्र. 605 जारी कर 5 जुलाई 2024 की सामान्य सभा की बैठक निरस्त कर दिनांक 10 जुलाई 2024 को आयोजित करने की जानकारी व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से दी गई।

# अवयस्क अभियोक्त्री से दुष्कर्म के चिन्हित मामले में दो आरोपियो को आजीवन कारावास की सजा व 50,000 रू. जुर्माना

**सीधी।** बताया गया कि अभियोक्त्री दिनांक 15.08.2023 के शाम 04ः00 बजे के लगभग वह गांव के सरपंच के घर पर मजदूरी का पैसा लेने जा रही थी। रास्ते में दो लड़के काले रंग की मोटर सायकिल से मिले जो अभियोक्त्री को गाली गलौच कर जबरदस्ती गाड़ी में बैठाकर तेंदुआ में नहर की मेड़ में ले गये जहां पर उसके साथ बड़ा वाला लड़का गलत काम (बलात्कार) करने लगा और उसका साथी मोटर सायकिल के पास खड़ा होकर मोबाईल चला रहा था एवं आने जाने वाले लोगों पर नजर रख रहा था। तभी अभियोक्त्री के मामा के लड़के, जो कि बकरी चरा रहे थे, आ गये एवं जो लड़का उसके साथ गलत काम कर रहा था उसे पकड़ लिये और उसके साथी को भी पकड़ लिया एवं नाम पता पूछे तो उसने अपना नाम कमालुद्दीन मंसूरी एवं उसके साथी ने अपना नाम मोहम्मद शाहिद एवं दोनों हिनौती के निवासी होना बताया गया। कुछ देर में अभियोक्त्री की मम्मी, मामा भी आ गये थे जिन्हें अभियोक्त्री ने सारी बातें बतायी।

उक्त घटना की रिपोर्ट अवयस्क अभियोक्त्री द्वारा दिनांक 17.08.2023 को थाना कमर्जी, जिला सीधी में किये जाने पर आरोपीगण के विरूद्ध अपराध क्रमांक 318/23 अंतर्गत भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 363, 366ु. 120-क्ष 376, 376-ष्ठ एवं लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 की धारा 5द्द/6 एवं धारा 3(1) (2) (द्वद्व), 3(2)(1) अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम का अपराध पंजीबद्ध किया गया। श्रीमान् पुलिस अधीक्षक, सीधी द्वारा प्रकरण को जघन्यन एवं सनसनीखेज प्रकरण के रूप में चिन्हित कर विवेचना के निर्देश जारी किये गये। पुलिस द्वारा विवेचना पूर्ण कर अभियोग पत्र माननीय विशेष न्यायालय (पॉक्सो एक्ट) सीधी के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिसके न्यायालयीन विशेष सत्र प्रकरण क्रमांक 50/2023 में शासन की ओर से शसक्त पैरवी करते हुए जिला अभियोजन अधिकारी श्रीमती भारती शर्मा द्वारा मामला संदेह से परे प्रमाणित कराया गया। परिणामस्वरूप माननीय विशेष न्यायाधीश, पॉक्सो एक्ट सीधी की न्यायालय के द्वारा अभियुक्तगण कमालुद्दीन मंसूरी तनय जमालुद्दीन मंसूरी उम्र 24 वर्ष एवं मोहम्मयद शाहिद अंसारी तनय आशिक अली उम्र 21 वर्ष, दोनो निवासी ग्राम हिनौती थाना कमर्जी जिला सीधी (म0प्र0) को धारा 366 भादवि में 10-10 वर्ष का कठोर कारावास एवं 5,000/- 5,000/- रू. अर्थदण्डव तथा धारा 5(जी)/6 पॉकसो एक्टं में आजीवन कारावास एवं 20,000/- 20,000/- रू. अर्थदण्डद की सजा से दंडित किया गया। साथ ही अर्थदण्ड की कुल धनराशि रूपये 50,000/- रूपये (पचास हजार रूपये मात्र) अभियोक्त्री को धारा 357(1)(क्ष) द.प्र.स. के प्रावधानों के अनुसार अपील अवधि पश्चात अपील न होने की स्थिति में अभियोक्त्री को क्षतिपूर्ति के रूप में प्रदान किये जाने का भी आदेश पारित किया गया।

## संपादकीय

### इंसाफ के बजाय, डॉक्टरों के प्रदर्शन में भीड़ की हिंसा

इससे बड़ी विडंबना क्या होगी कि जिस अव्यवस्था और लापरवाही की वजह से कोलकाता के एक मेडिकल कालेज में एक महिला डाक्टर की बलात्कार के बाद हत्या कर दी गई, उसमें सुधार और सख्ती का सवाल सरकार के लिए शायद अब भी नजरंदाज करने लायक है। इसमें दो राय नहीं कि इस वारदात के बाद लोगों के भीतर दुख और आक्रोश है और अस्पताल के भीतर सुरक्षा इंतजामों पर उठने वाले सवाल भी स्वाभाविक हैं। मगर इसकी आड़ में कुछ लोगों की भीड़ को अराजकता पैदा करने की छूट नहीं मिल जाती है। गौरतलब है कि महिला डाक्टर की बलात्कार के बाद हत्या के मामले में बुधवार की रात डाक्टरों के विरोध प्रदर्शन के दौरान बाहर से लोगों की एक भीड़ आई और उसने हिंसा और व्यापक पैमाने पर तोड़फोड़ की। खबरों के मुताबिक, उस भीड़ में शामिल लोगों ने प्रदर्शन स्थल, वाहनों और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाया। यहां तक कि अस्पताल के आपातकालीन विभाग को भी नहीं बख्शा गया और सीसीटीवी की भी तोड़फोड़ की गई। एक बेहद त्रासद घटना पर विरोध प्रदर्शन के दौरान बाहर से पहुंची भीड़ ने जो किया, वह या तो सुनियोजित लगता है या फिर पूरी तरह अराजक। अब एक ओर वहां सत्ताधारी से लेकर विपक्ष के सभी दल हिंसा करने वाली भीड़ में शामिल लोगों की पहचान करने और सख्त कार्रवाई करने की बात कह रहे हैं, तो दूसरी ओर पुलिस का कहना है कि यह घटना भ्रामक प्रचार अभियान की वजह से हुई। सवाल है कि जिस अव्यवस्था की वजह से एक डाक्टर की हत्या कर दी गई, उसके बाद भी पुलिस और प्रशासन को स्थिति की गंभीरता क्यों नहीं समझ में आई। सरकार का दायित्व क्या था? अस्पताल परिसर में एक अपराध के हो जाने के बावजूद वहां सुरक्षा व्यवस्था की हालत यह थी कि कोई अराजक भीड़ वहां घुसी और उसने सब कुछ तहस-नहस कर दिया।

# लोगों के व्यवहार को कितना बदल सकेगी वायनाड त्रासदी

**साल 2018 में इस राज्य ने अपने इतिहास की सबसे भयावह बाढ़ झेली थी। अगले साल, यानी 2019 में यहां फिर से जलप्रलय आया। बीते कुछ वर्षों में जहां-तहां भूस्खलन की घटनाएं हुई हैं। अभी वायनाड में जो हुआ है, वह तो अब तक का सबसे भयानक भूस्खलन है। नीति-निर्माताओं का स्पष्ट मानना है कि जागरूकता बढ़ाने से उचित असर पड़ेगा। मलयाली टीवी चैनल और समाचारपत्र वायनाड त्रासदी के विभिन्न पहलुओं की लगातार रिपोर्टिंग कर रहे हैं। जाहिर है, प्रकृति की रक्षा न करने के दुष्परिणामों के बारे में इस मीडिया कवरेज से बड़ा जागरूकता अभियान कुछ और नहीं हो सकता। मगर सवाल यह है कि मीडिया की इस कवायद का लोगों के व्यवहार पर कितना असर होगा?**

**(बीजू डोमिनिक, सीईओ, फाइनल माइल कंसल्टिंग)**

यह समझने के लिए एक स्थायी दुनिया बनाना कितना मुश्किल है, हमें केरल में जो कुछ हो रहा है, उस पर एक नजर दौड़ा लेनी चाहिए। साल 2018 में इस राज्य ने अपने इतिहास की सबसे भयावह बाढ़ झेली थी। अगले साल, यानी 2019 में यहां फिर से जलप्रलय आया। बीते कुछ वर्षों में जहां-तहां भूस्खलन की घटनाएं हुई हैं। अभी वायनाड में जो हुआ है, वह तो अब तक का सबसे भयानक भूस्खलन है। नीति-निर्माताओं का स्पष्ट मानना है कि जागरूकता बढ़ाने से उचित असर पड़ेगा। मलयाली टीवी चैनल और समाचारपत्र वायनाड त्रासदी के विभिन्न पहलुओं की लगातार रिपोर्टिंग कर रहे हैं। जाहिर है, प्रकृति की रक्षा न करने के दुष्परिणामों के बारे में इस मीडिया कवरेज से बड़ा जागरूकता अभियान कुछ और नहीं हो सकता। मगर सवाल यह है कि मीडिया की इस कवायद का लोगों के व्यवहार पर कितना असर होगा?

दरअसल, भूलना मानव-मस्तिष्क की अभिन्न प्रक्रिया है। यह प्रक्रिया मेमोरी-स्टोरेज की जगह खाली करती है। यह उन लोगों को जीवन में आगे बढ़ने में मदद पहुंचाती है, जो किसी प्रियजन को खो देते हैं। इसलिए मुमकिन है कि जब मीडिया रिपोर्टिंग बंद हो जाएगी, तो लोग वायनाड त्रासदी को भूल जाएंगे। मनुष्य का विकास ही इस तरह हुआ है कि वह वर्तमान में अधिक जीता है। अमूमन हम यही मानते हैं कि भविष्य वर्तमान से बेहतर होगा। इसीलिए, यह करीब-करीब असंभव है कि वायनाड के लोग ऐसी त्रासदी फिर से अपने साथ घटित होने की कोई आशंका पाल सकें। निहित स्वार्थवश भी कुछ तत्व यह सुनिश्चित करने में जुटे हैं कि यह हादसा यथास्थिति बदलने का उत्प्रेरक न बनने पाए। वे पश्चिमी घाट में घर और रिसॉर्ट का निर्माण जारी रखना चाहते हैं, जैसा अतीत में किया गया था और वे यह भी चाहते हैं कि चट्टान की खदानें अबाध गति से चलती रहें।

मौसम विज्ञानी एडवर्ड लॉरेंज उन कुछ शुरुआती लोगों में थे, जिन्होंने महसूस किया था कि जलवायु संबंधी पूर्वानुमानों में कई अन्य कारकों को भी शामिल किया जाना चाहिए। अपने एक प्रयोग में उन्होंने निष्कर्ष निकाला था कि बुनियादी परिस्थितियों में मामूली बदलाव से दीर्घकालिक प्रभाव पड़ सकते हैं। इसके बाद ही उनका वह बयान आया था, जो अब तक काफी बार दोहराया जा चुका है कि अमेजन में तितली के पंखों के फड़फड़ाने से टेक्सास में तूफानी बवंडर आ सकता है। बहरहाल, पश्चिमी घाट की जटिल पारिस्थितिक समस्याओं पर अध्ययन के लिए बनी गाडगिल कमिटी की रिपोर्ट के आने के बाद और अब वायनाड त्रासदी के बाद भी, निहित स्वार्थी तत्व जलवायु परिवर्तन की जटिलताओं को नजरंदाज करने की कोशिशों में जुटे हैं। इसका उदाहरण वह वीडियो फुटेज भी है, जो वायनाड भूस्खलन के बाद वायरल हुआ। इसमें कहा गया है, 1924 में मुन्नार में बहुत ज्यादा खेती नहीं होती थी, फिर भी वहां विनाशकारी बाढ़ आई थी, तो वायनाड में जो हुआ, उसके लिए किसानों को दोषी कैसे ठहराया जा सकता है? इस वीडियो संदेश का उद्देश्य स्पष्ट है। यह स्वार्थी तत्वों की रणनीति रही है कि किसी जटिल घटना का अति सरलीकरण कर उस पर गंभीर चर्चा से बचा जाए।

वायनाड हादसे के बाद बहस इस बात पर छिड़ गई है कि पश्चिमी घाटों में अप्रत्याशित बारिश के लिए कौन जिम्मेदार है- किसान, रिसॉर्ट मालिक या फिर शहरवासी, जो गाड़ियों व एसी के अत्यधिक इस्तेमाल से ग्लोबल वार्मिंग बढ़ा रहे हैं? इस दोष-निर्धारण का मकसद इस हादसे की किसी भी सामूहिक जिम्मेदारी से बचना है। मगर इन सबके बीच इस सच को कोई नकार नहीं सकता कि केरल जैसे राज्यों की पारिस्थितिकी की सुरक्षा के मामले में ट्रेन अब स्टेशन से निकल चुकी है। जलवायु परिवर्तन के दुष्परिणाम अब हमारे सामने हैं। लिहाजा, यह समय उन लोगों की सुरक्षा के लिए कदम उठाने का है, जो इस संवेदनशील इलाके में होने वाले अगले भूस्खलन से प्रभावित हो सकते हैं। जलवायु संबंधी समस्या का हल करना आसान है, क्योंकि हमें बस जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। मगर वायनाड हादसे के बाद की परिस्थितियां बता रही हैं कि मानव अब भी अपना व्यवहार बदलने को तैयार नहीं है। वास्तव में, आज भी वही ताकतें मजबूत दिख रही हैं, जो हालात जस का तस बनाए रखना चाहती हैं। (ये लेखक के अपने विचार हैं)

# उच्च शिक्षा के सतत संवरते संस्थान

**(हरिवंश चतुर्वेदी, महानिदेशक, आईआईएलएमबी स्कूल, नई दिल्ली)**

देश के शैक्षणिक संस्थानों के वरीयता-क्रम में सरकारी शिक्षण संस्थानों का दबदबा सुकूनदेह है। राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) की नई रैंकिंग यही तस्दीक कर रही है कि चमक-दमक में निजी संस्थानों से उन्नीस रहने वाले सरकारी संस्थान शिक्षा-गुणवत्ता के मामले में अब भी अपनी हैसियत बचाकर रखे हुए हैं। हालांकि, इस बार की रैंकिंग में कुछ मापदंडों पर निजी शिक्षण संस्थान भी सौ-डेढ़ सौ साल पुराने सरकारी संस्थानों पर बीस साबित हुए हैं।

एनआईआरएफ की यह अब तक की नौवीं रैंकिंग है और इसमें भाग लेने वाले शिक्षण संस्थानों की संख्या में 250 फीसदी से अधिक की वृद्धि हो चुकी है। साल 2016 में जब इसकी शुरुआत हुई थी, तब इसमें करीब 3,500 शिक्षण संस्थानों ने अपना आवेदन भेजा था, जबकि इस साल प्रतिभागी संस्थानों की संख्या 10,000 से ज्यादा थी। चूंकि अपने देश में उच्च शिक्षण के लगभग 58,000 महाविद्यालय या विश्वविद्यालय हैं, इसलिए माना जा रहा है कि अगले कुछ वर्षों में इसमें कई अन्य संस्थान भी अपनी भागीदारी निभाएंगे और भारत की उच्च शिक्षा की कहीं अधिक सार्थक तस्वीर हमें मिल सकेगी।

इस रैंकिंग का लाभ यह हुआ है कि इससे शिक्षण संस्थानों में आपसी प्रतिस्पर्द्धा बढ़ी है। यह प्रतिद्वंद्विता सरकारी बनाम निजी संस्थानों की ही नहीं है, बल्कि सरकारी और निजी क्षेत्रों में अंदरखाने भी आपस में एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ मच गई है। इस रैंकिंग में एम्स, 21 आईआईएम, 20 आईआईटी और 50 से अधिक सरकारी विश्वविद्यालय ही अच्छा नहीं कर रहे हैं, बल्कि कुछ निजी संस्थानों ने भी अपना दमखम दिखाया है। यह एक स्वस्थ प्रतिस्पर्द्धा है, जिसकी भरपूर प्रशंसा की जानी चाहिए। संस्थानों को अब यह पता चल रहा है कि वे एक-दूसरे से कितने बेहतर हैं या किन-किन क्षेत्रों में उनको और मेहनत करनी होगी? संभवत- यह भी एक वजह है कि इस रैंकिंग में भाग लेने वाले संस्थानों की संख्या साल-दर-साल बढ़ रही है।

इसका एक फायदा यह भी हुआ है कि शिक्षण संस्थानों की गुणवत्ता बढ़ रही है और वे अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग के लिए तैयार होने लगे हैं। तमाम संस्थानों में ऐसे विशेषज्ञ बढ़े हैं, जो इस रैंकिंग से जुड़े आंकड़ों का विश्लेषण करते हैं और उसके अनुसार अपने संस्थान की बेहतरी की नीतियां बनाते हैं। अब तक हमारे आईआईटी और आईआईएम ही अपनी शैक्षणिक गुणवत्ता व पहचान के कारण अंतरराष्ट्रीय वरीयता-क्रम में जगह बनाते रहे हैं, लेकिन जैसी तरक्की राष्ट्रीय रैंकिंग में स्थानीय संस्थानों की दिख रही है, वह दिन दूर नहीं, जब अन्य शिक्षण संस्थान भी अंतरराष्ट्रीय मापदंडों पर खुद को साबित करने में सक्षम होंगे।

हालांकि, यह तभी हो सकेगा, जब इसकी कुछ कमियों पर हम ध्यान देंगे और उनको जल्द से जल्द दूर करने की कोशिश करेंगे। उदाहरण के तौर पर, इस रैंकिंग का ज्यादा लाभ उन्हीं संस्थानों को मिल रहा है, जो शीर्ष क्रम पर शुरू से काबिज हैं। उन संस्थानों में ही अच्छे शिक्षक दिखते हैं, वहीं अच्छे छात्र-छात्राओं की संख्या ज्यादा है, वहीं का बुनियादी ढांचा बेहतर नजर आता है और वहीं का शैक्षणिक माहौल सुधरता दिखता है। यह सही है कि अब बड़े-बड़े कारोबारी भी शिक्षा क्षेत्र में उतर आए हैं, जिसका फायदा हमें मिल रहा है, लेकिन दुर्भाग्य से कुछ व्यवसायी अब भी शिक्षा को एक व्यवसाय की नजर से ही देखते हैं, जबकि हिन्दुस्तान का कानून इसकी इजाजत नहीं देता। सरकार और शीर्ष अदालत की नजर में पठन-पाठन आज भी 'नॉट फॉर प्रॉफिट' कर्म है, यानी उन्होंने शिक्षा को व्यवसाय मानने या इससे लाभ कमाने की इजाजत नहीं दी है।

सवाल यह भी है कि बीते आठ वर्षों में, जब से इस रैंकिंग की शुरुआत हुई है, हम अपने शिक्षण संस्थानों को कितना समग्र बना सके हैं? इस रैंकिंग में शुरुआती पायदानों पर मौजूद संस्थान तो अनवरत अच्छा कर रहे हैं, लेकिन जो शिक्षण संस्थान औसत गुणवत्ता के हैं, उनकी सेहत हम कितनी सुधार पाए हैं? हमारी सरकारों ने यह सोचकर इंजीनियरिंग या प्रबंधन संस्थानों के लाइसेंस मुक्त हाथों से बांटें, ताकि वंचित इलाकों तक भी यह पढ़ाई पहुंच सके और वहां के बच्चे भी बिना अवसर गंवाए सुगमता से इसे पढ़ सकें। मगर इस नीति का एक नुकसान यह हुआ है कि अब गांव-गांव में उच्च तकनीकी संस्थान खुल चुके हैं। इन संस्थानों में बुनियादी ढांचे का अभाव तो है ही, अच्छे शिक्षकों का भी भारी अभाव है। वहां प्रायोगिक कक्षाएं तक नहीं कराई जातीं। इसी कारण उनमें साल-दर-साल सीटें खाली रहने लगी हैं। दुर्भाग्य से यह रैंकिंग ऐसे संस्थानों को प्रतिस्पर्द्धा में लाने में सफल होती नहीं दिख रही। वे और पिछड़ती नजर आ रही हैं, क्योंकि अच्छे विद्यार्थी अच्छे संस्थानों में दाखिला लेना पसंद करते हैं, फिर चाहे कोई इंजीनियरिंग या मैनेजमेंट कॉलेज उनके गांव में ही क्यों न हो। आंकड़ों की मानें, तो देश भर में तकरीबन 20,000 संस्थान ऐसे हैं, जहां विद्यार्थियों की संख्या 500 भी नहीं है। जाहिर है, निचले स्तर तक पूरे शिक्षण प्रणाली को इस रैंकिंग या प्रतिस्पर्द्धा का लाभ तभी मिल सकेगा, जब इसे और समग्र बनाया जा सकेगा।

यह अच्छी बात है कि इस रैंकिंग में विविधता भी एक मापदंड है, जिसके तहत यह देखा जाता है कि शिक्षण संस्थान में राज्य से बाहर के कितने छात्र पढ़ते हैं या वहां छात्राओं की संख्या कितनी है? इससे शिक्षण संस्थानों के अखिल भारतीय स्वरूप को परखा जाता है। हम चाहें, तो इस विविधता को और व्यापक बना सकते हैं, ताकि संस्थान और अधिक समग्र बन सकें।

भारत में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के तीन पहलू माने जाते हैं- इनपुट (यानी, अच्छे शिक्षक, समृद्ध पुस्तकालय, बेहतर बुनियादी ढांचा, शैक्षणिक माहौल, छात्र-गुणवत्ता आदि), प्रोसेसिंग (शिक्षकों के पढ़ाने का तरीका, छात्रों में बढ़ती समझ, संस्थान का बेहतर संचालन आदि) और आउटकम (परिणाम, गुणवत्तापूर्ण छात्र तैयार करना आदि)। एनआईआरएफ रैंकिंग भी इसी मॉडल पर आधारित है, लेकिन यह एक मैन्युफैक्चरिंग मॉडल है, जिसकी अपनी कमियां हैं। चूंकि इस मॉडल को बनाने वाले आईआईटीयन थे, इसलिए उनकी सोच पर इंजीनियरिंग हावी थी और उन्होंने एक कारखाना की परिकल्पना करके यह मॉडल तैयार किया था। मगर हम विकेंद्रित शिक्षा के हिमायती हैं, इसलिए जरूरी है कि अपने रैंकिंग मॉडल के अंदर की गड़बड़ियों को दूर करें, तभी जाकर हमें विशेषकर गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा को समग्र बनाने में ज्यादा सफलता मिल सकेगी। (ये लेखक के अपने विचार हैं)

## वर्ग पहेली 5465

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | | 5 | |
| 6 | | | ▨ | | ▨ | | ▨ |
| | ▨ | 7 | | | 8 | ▨ | 9 |
| 10 | | | ▨ | ▨ | 11 | | |
| | ▨ | ▨ | 12 | | | ▨ | ▨ |
| 13 | 14 | | | ▨ | 15 | | 16 |
| 17 | | ▨ | 18 | 19 | | ▨ | |
| ▨ | ▨ | 20 | ▨ | | ▨ | 21 | |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. प्रमुख शिक्षाविद, चिंतक जिन्होंने भारतीय जनसंघ की स्थापना की (8)
6. सुपर स्टार सलमान खान की जन्मस्थली मध्यप्रदेश के इस अंचल में है (3)
7. पुराणानुसार यह मेनका का पति और पार्वती का पिता कहा गया है, पर्वतराज (4)
10. चांद, उजला, श्वेत (3)
11. कपूर खानदान की अभिनेत्रियों में से कए करतब, चमत्कार (3)
12. पसीने की बूंद, राजस्थान का एक शहर (3)
13. पुराणानुसार कृष्ण द्वैव्यास के पुत्र जो पुराणों वे ज्ञाता माने जाते है (4)
15. बबूल के पेड़ को यह भी कहते है (3)
17. लिपिक, बाबू (2)
18. मुगलकाल का प्रांत प्रशासक (3)
20. एक स्वीकृति सूचक शब्द (1)
21. समस्त, एक प्रसिद्ध टीवी चैनल, अनवशिष्ट, अंभंजित, सर्व (2)

**ऊपर से नीचे**

1. मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जिनके पिता मध्यप्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री थे (7)
2. सुस्वादु भोजन, क्रय-विक्रय की वस्तु (2)
3. जलावतरित, विप्लावित, संवाहित (4)
4. मध्यस्थ, बिचोलिया, ब्रोकर (3)
5. पुराणानुसार यह सूर्पणखा का भाई था, खच्च्र, खुरदुरा (2)
8. ईश्वर या खुदा को यह भी कहते है (उर्दू)(5)
9. उत्स्रोत धारा, ऐनक (2)
12. सिलाई, स्टिच, संग्रंथन (3)
14. केकड़ा, फलित ज्योतिष की बारह राशियों में से एक (2)
16. एक स्त्री से दो व्यक्ति प्रेम करने वाले आपस में यह कहलाते है (उर्दू) (3)
19. वाम, चंद्रमा के रथ के एक घोड़ का नाम, कोण्युक्त, कामदेव (3)

### वर्ग पहेली 5464 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ना | इ | ज | र | ▨ | गा | इ | ड |
| का | मा | य | नी | ▨ | य | ▨ | ल |
| म | म | ▨ | ▨ | सु | ब | ह | ▨ |
| ▨ | त | क्ष | क | ▨ | क | म | ल |
| से | ▨ | त | ल | वा | र | ▨ | जी |
| ने | क | ▨ | क | ▨ | ना | वी | ज |
| ग | प | ▨ | का | जी | ▨ | न | ▨ |
| ल | ल | का | र | ▨ | सा | ▨ | ▨ |

# असीम अनंत आकाश

**(अक्षय शुक्ला)**

भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स के इंटरनैशनल स्पेस स्टेशन में फंसे होने की खबरों के बीच इसरो ने अपने पहले मानव युक्त मिशन गगनयान के एस्ट्रोनॉट्स की तैयारियों का विडियो शेयर किया। ये एस्ट्रोनॉट्स यान के अंदर जैसी परिस्थितियों और अंतरिक्ष में आने वाली चुनौतियों की प्रैक्टिस एक ज़ीरो ग्रैविटी वाले कैप्सूल में रहकर कर रहे हैं। अंतरिक्ष जाने वाले सभी लोगों को इस तरह की कठिन परिस्थितियों में लंबे समय तक जीने और समस्याओं को खुद सुलझाने की सख्त ट्रेनिंग दी जाती है।

यही वजह है कि अपने साथी के साथ पिछले दो महीनों से स्पेस स्टेशन में फंसीं सुनीता हालात का सामना शांति से कर पा रही है। जिस स्टारलाइनर यान में वे गए थे उसमें खराबी के कारण उनकी वापसी टलती जा रही है। 2003 में भारतीय मूल की कल्पना चावला सहित सात एस्ट्रोनॉट्स को लेकर लौट रहे कोलंबिया यान हादसे के बाद नासा किसी तरह का रिस्क नहीं लेना चाहता, इसलिए आठ दिन का मिशन आठ महीनों में तब्दील होता लग रहा है।

ये घटनाएं बताती हैं कि अंतरिक्ष के रहस्यों को समझने की दिशा में लंबी छलांग लगाने के बावजूद जोखिम कम नहीं हुए हैं। लेकिन पृथ्वी के बाहर जीवन की खोज करनी है तो ऐसे खतरे उठाने ही होंगे। आज सूर्य से लेकर चंद्रमा और कई सुदूर ग्रहों तक मिशन भेजे जा रहे हैं। लेकिन सबसे दिलचस्प है मंगल ग्रह तक जाने वाला मानव युक्त मिशन। इसके लिए चार एस्ट्रोनॉट्स ने पूरे एक साल तक धरती पर ही एक कैप्सूल में बंद होकर उसी तरह के वातावरण को महसूस किया, जैसा इस लाल ग्रह पर होता है। फिलहाल यहां तक पहुंचने में नौ महीनों का वक्त लगता है इसीलिए अभी हमारे पास वन वे का ही प्लान है। यानी मार्स समेत जीवन की उम्मीद जहां-जहां की जा रही है, फिलहाल वहां तक जाने के बाद वापसी की राह आसान नहीं।

वापसी पर बहुत फोकस भी न हो शायद क्योंकि यहां बसने की संभावना धरती पर जीवन की समाप्ति के बाद के लिए ही तलाशी जा रही है। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि धरती की उम्र करीब 5 अरब वर्ष और बची है। सूर्य के अत्यधिक ताप से जब धरती पर जीवन बेहद मुश्किल हो जाएगा तो इसके खत्म होने से पहले इंसानों को अपने लिए नए घर की ज़रूरत होगी। उसी घर की तलाश हमने अरबों साल पहले शुरू कर दी है। अभी इन ग्रहों तक पहुंचने में महीनों लग रहे हैं, पर भविष्य में शायद तकनीक इतनी विकसित हो कि एक ग्रह से दूसरे ग्रह तक का सफर दो शहरों की दूरी तय करने जैसा हो जाए। लेकिन हम इंसान क्या अकेले ही दूसरे ग्रह पर बसने जाएंगे? पृथ्वी पर मौजूद हमारे साथी जीव जंतुओं को क्या यहीं छोड़ जाएंगे? या बाइबल में वर्णित नोआह की नांव की कहानी जैसा कुछ सोचना होगा। इसमें बताया गया है कि पृथ्वी पर जलप्रलय के वक्त सभी प्रजातियों के एक-एक जोड़े को इस नांव में ले जाकर नई दुनिया बसाई गई थी। क्या उसी तरह, दूसरे ग्रह पर सभी प्राणियों को साथ ले जाकर एक नए जीवन की शुरुआत की जा सकेगी। जीवन चक्र तो सबसे मिलकर ही चलता है। खान-पान से लेकर कपड़ों और दूसरी कई ज़रूरतों के लिए हम जानवरों और अन्य जीवों पर ही निर्भर हैं।

# आज का राशिफल

### मेष

आज दिन बहुत ही भाग्यशाली रहेगा और हर काम अपने तय समय के अनुसार आराम से होगा। किसी बैंक से लोन लेने के बारे में सोच रहे हैं तो आपको सफलता मिलेगी और लाभ में भी वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा और नए मित्रों से आपको सहयोग प्राप्त होगा।

### वृषभ

आज करियर में लाभ होगा। आपको अधिक भागदौड़ करनी पड़ सकती है, सावधानी बरतें। निर्णय लेने की क्षमताओं का आपको आज लाभ मिल सकता है। आपको रुके हुए कार्य में सफलता प्राप्त होगी। किसी मामले में आपको निवेश करना हो तो कर सकते हैं, लाभ का दिन है।

### मिथुन

आज सावधान रहने की सलाह है। आप फिजूल के खर्चे से बचें तो दिन अच्छा बीतेगा। आप किसी रोग से पीड़ित हैं तो आज आपके कष्ट में वृद्धि होगी। अकस्मात् लाभ होने से आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा और धर्म, आध्यात्म में रुचि बढ़ेगी।

### कर्क

आज लाभ होगा और कारोबार के मामले में आपका दिन उत्तम रहेगा। संतान के प्रति आपका विश्वास और अधिक मजबूत होगा और आपके कार्य सफल होने से मन प्रसन्न होगा। आप अपनी शान शौकत के लिए धन खर्च करेंगे जिससे आपके शत्रु परेशान होंगे।

### सिंह

आज दिन फलकारक है। आपका दिन शांति और सुख में बीतेगा। माता-पिता के सहयोग और आशीर्वाद से राहत मिलेगी। ससुराल पक्ष से किसी मामले में विवाद होने से आपका मन काफी अशांत रहेगा और नाराजगी बढ़ सकती है।

### कन्या

आज लाभ का दिन है और आपके सम्मान में वृद्धि होने आपको खुशी होगी और लाभ होगा। कठिन कार्यों को सम्पन्न करने में सक्षम रहेंगे। माता-पिता से हर प्रकार का सहयोग प्राप्त होगा। व्यर्थ व्यय होने से आप परेशान रहेंगे और काम करने में मन नहीं लगेगा।

### तुला

आज दिन लाभ और सफलता से भरा होगा और मन काफी प्रसन्न होगा। अधिकार और संपत्ति में वृद्धि होगी। आय भाव में वृद्धि होगी और आपको सफलता प्राप्त होगी। अपने गुरु के प्रति पूर्ण भक्ति भाव और निष्ठा रखें। आज नये कार्यों में इनवेस्ट करना पड़े तो शुभ रहेगा।

### धनु

आज दिन भाग्यशाली है और आज आपके अंदर विद्या, बुद्धि और ज्ञान की वृद्धि होगी। आप दूसरों की आर्थिक मदद कर सकते हैं। भाग्य की ओर से भी आपको पूर्ण सहयोग मिलेगा, आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर होगी। बाहर का खाने से बचें। पेट का विकार होने से आपका मन काफी परेशान रहेगा।

### कुंभ

आज दिन सफलता से भरा होगा। बुद्धि विवेक से आपको हर कार्य में सफलता प्राप्त होगी। सीमित और आवश्यकतानुसार व्यय करें तो कुछ पैसे बचा पाएंगे। सांसारिक सुख भोग के साधन बढ़ेंगे और आपके जीवन में आराम आएगा। शाम से लेकर रात तक आपको किसी यात्रा पर जाने का सुख मिलेगा और परिवार के साथ समय अच्छा बीतेगा।

### वृश्चिक

आज लाभ होगा और कारोबार में आपकी योजनाएं सफल होने से आपका काम में मन लगेगा। व्यापार में वृद्धि के लिए किए गए प्रयास निष्फल हो सकते हैं। इसलिए आज पैसों का अधिक निवेश करने से बचें। आपको कारोबार में लाभ होगा और सफलता प्राप्त होगी।

### मकर

आज दिन लाभ से भरा होगा और आपको हर कार्य में सफलता प्राप्त होगी। आपको बहुमूल्य वस्तुओं की प्राप्ति के साथ ऐसे अनावश्यक खर्चे भी करने पड़ सकते हैं जो कि न चाहते हुए भी मजबूरी में करने पड़ेंगे। ससुराल पक्ष से मान सम्मान मिलेगा और कारोबार में लाभ होगा।

### मीन

आज किसी पुराने विवाद का हल निकालने के मामले में आपको सफलता मिलेगी। खुशमिजाज व्यक्तित्व होने के कारण आपको ऑफिस में सभी लोगों का सहयोग मिलेगा। सामाजिक सम्मान मिलने से आपको लाभ होगा। रात में प्रियजनों व परिजनों से हास्य विनोद रहेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### आरजी कर मामला : सुवेंदु अधिकारी का दावा, बदला गया था पीड़िता का विसरा

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने शनिवार को दावा किया कि पिछले सप्ताह कोलकाता के आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में दुष्कर्म और हत्या की शिकार हुई जूनियर रेजिडेंट डॉक्टर का विसरा पुलिस ने जांच के नाम पर बदल दिया था। अधिकारी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि उन्हें कुछ जानकारियां मिली हैं जो केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के लिए काम की हो सकती है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय एजेंसी को इसकी जांच करनी चाहिए। मैंने अपने विभिन्न विश्वसनीय स्रोतों से जो जानकारी एकत्र की है, वह सीबीआई द्वारा की गई जांच के उद्देश्य से प्रासंगिक हो सकती है। 1. मृतका डॉक्टर का विसरा कोलकाता पुलिस द्वारा जांच के नाम पर बदल दिया गया है; 2. इस जघन्य अपराध और घटनास्थल में कई व्यक्तियों की संलिप्तता से इनकार नहीं किया जा सकता है; 3. खून से सने वस्तुओं को बाद में बदल दिया गया है और कोलकाता पुलिस द्वारा की गई जब्ती में जो दर्शाया गया है, वह वास्तविक सामान नहीं हैं, जिसे डीएनए परीक्षण द्वारा अच्छी तरह से पता लगाया जा सकता है; 4. वॉश बेसिन को हटाकर एक नया बेसिन लगाया गया है; 5. परिसर के किसी दूसरे कोने में डॉक्टर की हत्या करने के बाद शव को आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज के सेमिनार हॉल में ले जाया गया। उन्होंने उम्मीद और भरोसा जताया है कि सीबीआई जांच के दौरान इन पहलुओं पर भी गौर करेगी, क्योंकि मामले को दबाने के लिए की जा रही औपचारिक जांच की कोलकाता के पुलिस आयुक्त सीधे निगरानी कर रहे थे और उनके निर्देश पर जांच की जा रही थी।

### कोलकाता हत्याकांड पर बरसीं निर्भया की मां, बोलीं- अब भी नहीं मिलता महिलाओं को न्याय

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कोलकाता के महिला डॉक्टर के साथ रेप और हत्या की घटना पर निर्भया की मां आशा देवी ने कहा कि कानून जरूर बनाए गए हैं लेकिन उनपर अमल नहीं किया जा रहा है। 2020 के साथ बहुत सारी ऐसी घटनाएं हुई लेकिन न्याय नहीं मिल पाया। ऐसे में अगर दोषी छूट जाते हैं तो समाज में महिलाएं सुरक्षित नहीं हो पाएंगी। आशा देवी ने कहा, 12-13 साल हो गए, बहुत कुछ ठीक हुआ है और बदला है। हमें नहीं लगता है कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए कोई काम हुआ है। कानून जरूर बनाए गए हैं। फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाए गए लेकिन उसपर काम नहीं हुआ। 2020 में निर्भया के दोषियों को सजा हुई। लेकिन उससे पहले और उसके बाद भी इतनी सारी घटनाएं हुई...किसको न्याय मिला? घटनाएं रोज़ हो रही हैं...अगर आप दोषियों को सज़ा नहीं देंगे और उन्हें जेल में नहीं डालेंगे... तो महिलाएं कैसे सुरक्षित रहेंगी? जब तक दोषियों को सज़ा नहीं मिलेगी, जब तक फ़ास्ट ट्रैक कोर्ट में काम नहीं होगा और जब तक बनाए गए कानूनों पर काम नहीं होगा, तब तक समाज की मानसिकता नहीं बदलेगी और महिलाएँ सुरक्षित नहीं होंगी बता दें कि 12 साल पहले राजधानी दिल्ली में आशा देवी की बेटी निर्भया दरिंदगी का शिकार हुई थी। 16 दिसंबर की उस घटना ने पूरे देश को झकछोर दिया था। निर्भया के 6 में से चार दोषियों को फांसी दी गई वहीं एक ने तिहाड़ जेल में ही आत्महत्या कर ली थी। पैरामेडिकल छात्रा के साथ चलती बस में 6 लोगों ने गैंगरेप किया था और इसके बाद निर्भया की मौत हो गई थी। सात साल की कानूनी लड़ाई के बाद निर्भया के दोषियों को फांसी पर लटकाया गया। वहीं एक नाबालिग आरोपी बच गया था। कोलकाता के आरजी कार मेडिकल कॉलेज के सेमीनार हॉल में महिला डॉक्टर के साथ रेप किया गया और हत्या कर दी गई। इसके बाद मेडिकल कॉलेज पर भीड़ का हमला होता है और आरोप है कि सबूतों को मिटाने की कोशिश की गई। इन घटनाओं से बंगाल सरकार भी सवालों के घेरे में है। वहीं इस मामले में मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया गया है जिसने अपना जुर्म भी कबूल किया है।

### ओडिशा में बिजली गिरने से 9 लोगों ने गंवाई अपनी जान, कई घायल

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** ओडिशा में आसमानी बिजली ने अपना कहर मचा रखा है। शनिवार को ओडिशा के विभिन्न हिस्सों में बिजली गिरने से एक नाबालिग लड़के सहित नौ लोगों की मौत हो गई और 20 से अधिक घायल हो गए।अधिकारियों ने बताया कि मरने वाले 9 लोगों में से मयूरभंज, बालासोर और भद्रक जिले में 2 लोग तो वहीं क्योंझर, ढेंकनाल और गंजम जिले में तीन लोगों की मौत हुई है। सीएम मोहन चरम माझी ने लोगों की मौतों पर गहरा दुख जताते हुए पीड़ितों के परिवारजनों को 4-4 लाख रुपए की सहायता राशि देने की घोषणा की है। रिपोर्ट के मुताबिक, मयूरभंज जिले में आदिवासी दंपत्ति लछमन मुर्मू और उनकी पत्नी साकार मुर्मू धान की रोपाई करने में लगे हुए थे, तभी बारिश शुरू हो गई। बारिश शुरू होने के बाद, जैसे ही दम्पति सुरक्षित स्थान पर वापस जाने की कोशिश कर रहे थे, वे बिजली की चपेट में आ गए, जिससे उनकी मौत हो गई। ऐसे ही भद्रक जिले में, 29 वर्षीय किसान अमर सेठी और एक अन्य किसान हेमंत बारिक की भी अपने खेत में काम करते समय बिजली गिरने से मृत्यु हो गई। क्योंझर जिले में भी बिजली गिरने से एक 13 वर्षीय लड़के की मौत हो गई, क्लाइमेट रेजिलिएंट ऑब्जर्विंग-सिस्टम प्रमोशन काउंसिल के अनुसार, ओडिशा में पिछले 5 वर्षों में बिजली गिरने से 10741 मौतें दर्ज की गई हैं। बिजली से होने वाली मौतें प्रति 1,000 वर्ग किमी में 69 मौतों के साथ ओडिशा में सबसे अधिक थीं।

# आचार संहिता के बाद सीएम की पहली रैली, बोले 4 अक्टूबर के बाद हांसी में बैठेगा डीसी

**हांसी, एजेंसी।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हांसी में म्हारा हरियाणा नॉन स्टाप हरियाणा जन आशीर्वाद रैली में कहा कि चुनाव के बाद सभी मांगों को पूरा किया जाएगा। वे अभी अक्तूबर 2024 के लिए आशीर्वाद लेने के लिए आए हैं। 4 अक्टूबर को हरियाणा में बीजेपी की सरकार बनेगी। मुख्यमंत्री ने आजादी में शामिल हांसी बलिदानियों को नमन किया और कहा कि हांसी का इतिहास गौरवशाली रहा है। मुख्यमंत्री बोले हम भ्रष्टाचारियों का सुपड़ा साफ करने का काम करेंगें। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने कुछ काम तो किया नहीं जिनकी बही खाते फटे पड़े हैं। वे जब भी बोलते हैं उनके मुंह से भ्रष्टाचार निकलता है। वे हमसे हिसाब मांगने के लिए घूम रहे है। सैनी ने कहा कि हमारी सरकार ने 10 वर्षों में हांसी की तस्वीर बदलने का काम किया। इसी साल हांसी-महम-रोहतक रेलवे लाइन का सम्पन्न हुआ है। 148 बी का निर्माण व हांसी को पुलिस जिला बनाने का काम भी इसी सरकार में हुआ है।

उन्होंने कहा कि आचार संहित के कारण वे घोषणा नहीं कर सकते परंतु 4 अक्टूबर के बाद हांसी में डीसी भी यहां पर बैठने का काम करेगा। उन्होंने हांसी में हुए करोड़ों रुपए के विकास कार्यों को गिनवाया। हांसी में खेल स्टेडियम का निर्माण भी गिनवाया। सबका साथ सबका विकास के मुलमंत्र पर काम करवाया गया।

**सीएम बोले हुड्डा भर्ती रोको गैंग के संरक्षक:** मुख्यमंत्री ने भूपेंद्र हुड्डा पर बोलते हुए कहा कि वे अपनी किताब उठा लाएं और बताएं कि उन्होंने कितने लोगों को नौकरी देने का काम किया है। उन्होंने भूपेंद्र हुड्?डा को भर्ती रोको गैंग के नाम से बुलाया। जो लोग अब हिसाब मांगते घूम रहे हैं। 2014 से पहले प्रदेश में निराशा का माहौल था। नौकरियों में क्षेत्रवाद व भाई-भतीजा वाद का बोलबाला था। पहले सरकारी योजनाओं का लाभ उन लोगों को पहुंचता था जिसकी पहुंच कांग्रेस के लोगों तक थी। आज सरकार द्वारा स्वयं योजनाओं का लाभ आम लोगों को दिया जा रहा है। कांग्रेस ने लोगों को 100 गज के प्लाटों का लॉलीपॉप देने का काम किया था। उन्हें ना तो कागज दिए गए और कब्जा। परंतु आज कब्जा भी दिया गया और कागज भी दिए गए। साथ ही पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन शुरू किया गया कि जिन्हें 100 गज का प्लाट नहीं मिला उन्हें 4 के बाद 100-100 गज के प्लाट दिए जाएंगे। **कांग्रेस करती है कमीशन मोड पर कामः** विपक्ष के लोग लगातार झूठ बोलकर लोगों को भ्रमित करते हैं। इनका मुखौटा जल्द उतरेगा। ये लोग कमीशन मोड पर काम करते हैं। जबकि हम मिशन मोड में काम करते हैं। वे लोग हिसाब मांग रहे हैं जिन्होंने सीएलएयू के नाम पर हजारों करोड़ का भ्रष्टाचार करने का काम किया है। कांग्रेस को हमारी ई गर्वनस की नीति से बहुत ज्यादा एलर्जी है। उनका पेट खराब हो रहा है। जब मेरा करनाल से नाम घोषित हुआ था तो कांग्रेस का पेट खराब हो गया था। करनाल के लोगों ने चंडीगढ़ भी कमल का फूल भेजने का काम किया था और दिल्ली में भी। मैं आपसे आशीर्वाद लेने आया हूं ताकि मैं प्रदेश को और विकास की गति पर आगे बढ़ा सकूं। **भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने किसानों को लूटाः** हांसी जनसभा में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि हमारी सरकार ने अन्नदाताओं की सभी फसलों के एक-एक दाने को एमएसपी पर खरीदने का संकल्प लिया है।

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बड़ा किसान हितैषी कोई नहीं है और हरियाणा के हमारे किसान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हरियाणा सरकार के साथ है यह हमारे लिए खुशी की बात है। कांग्रेस पर हमलावर होते हुए नायब सैनी ने कहा कि कांग्रेस वो पार्टी है जिसने किसानों का अपमान किया है। उन्होंने कहा कि हमारे किसान अब दो-दो रुपए का चेक देने वाले व जमीन लूट कर बिल्डरों को सौंपने वाले हुड्डा पिता-पुत्र और सीएलयू गैंग के झांसे में नहीं आने वाले हैं। रैली के दौरान डीपी वत्स, मनीष ग्रोवर, जिला अध्यक्ष अशोक सैनी, धर्मबीर रतेरिया, छत्रपाल सिंह, कैप्टन भूपेंद्र सिंह, बरवाला से पूर्व विधायक वेद नारंग, अशोक ढालिया, रतिया विधायक लक्ष्मण नापा, राजपाल यादव, गायत्री देवी, नेहा धवन सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# उद्धव ठाकरे का सपना केवल सपना ही रह जाएगा, कभी सीएम नहीं बनाएगी कांग्रेस- मिलिंद देवड़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शिवसेना (एकनाथ गुट) के सांसद मिलिंद देवड़ा ने शनिवार को महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि उद्धव ठाकरे का मुख्यमंत्री बनने का सपना, सपना ही रह जाएगा और कांग्रेस उन्हें कभी भी मुख्यमंत्री पद का चेहरा नहीं बनाएगी। देवड़ा ने कहा कि उन्होंने कांग्रेस की कार्यप्रणाली को करीब से देखा है। मालूम हो कि मिलिंद देवड़ा लंबे समय तक कांग्रेस में रहे हैं और उनकी गिनती गांधी परिवार के काफी करीब माने जाने वाले नेताओं में होती थी। लोकसभा चुनाव से पहले देवड़ा ने कांग्रेस का साथ छोड़कर एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना का दामन थाम लिया था। सूत्रों के अनुसार, शिवसेना सांसद मिलिंद देवड़ा ने कहा, मुख्यमंत्री बनने की उम्मीद में उद्धव ठाकरे महाविकस अघाड़ी के साथ चले गए हैं। कल की घटना के बाद, यह स्पष्ट है कि उद्धव ठाकरे का मुख्यमंत्री बनने का सपना केवल सपना ही रह जाएगा। मैंने कांग्रेस की कार्यप्रणाली को करीब से देखा है। मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि वे मुख्यमंत्री पद के लिए उद्धव का समर्थन नहीं करेंगे। वहीं, महायुति सरकार के सीएम पद के बारे में देवड़ा ने कहा कि इसमें किसी भी प्रकार का कोई भ्रम नहीं है और जल्द ही मुख्यमंत्री पद के चेहरे को लेकर घोषणा भी हो जाएगी। उद्धव ने कभी नहीं कहा कि बनेंगे सीएम, लेकिन... वहीं, शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने शनिवार को कहा कि पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कभी नहीं कहा कि वह मुख्यमंत्री बनेंगे और अगर कांग्रेस या एनसीपी (एससीपी) के पास कोई चेहरा है, तो उद्धव समर्थन देने के लिए तैयार हैं। आज नागपुर एयरपोर्ट पर मीडिया से बात करते हुए राउत ने कहा, उद्धव ठाकरे को आगे आने की जरूरत नहीं है, वह 2019 में भी आगे नहीं आए, सभी ने मिलकर उन्हें सीएम बनाया। अब 2024 की बात करें तो उद्धव ठाकरे ने कभी नहीं कहा कि मैं सीएम बनूंगा, कल का भाषण सुनिए। अगर कांग्रेस एनसीपी के पास कोई चेहरा है तो उसे सामने लाएं, उद्धव ठाकरे उस चेहरे का समर्थन करने के लिए तैयार हैं।

## दिल्ली आकर पीएम मोदी से मिले चंद्रबाबू नायडू, आंध्र प्रदेश के लिए रख दीं और मांगें

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कर्ज में डूबे दक्षिणी राज्य के लिए वित्तीय सहायता बढ़ाने की मांग की। सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय बजट के बाद मोदी के साथ नायडू की यह पहली बैठक रही। इसमें उन्होंने अमरावती के विकास के लिए वित्तपोषण सहित आंध्र प्रदेश के लिए की गई प्रमुख घोषणाओं के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया। बजट में आंध्र प्रदेश की नई राजधानी अमरावती के विकास के लिए 15,000 करोड़ रुपये दिए गए हैं।

सूत्रों ने बताया कि तेलुगु देशम पार्टी प्रमुख ने राज्य की वित्तीय स्थिति पर विस्तार से चर्चा की। राजकोषीय चुनौतियों से निपटने, आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने और राज्य के सकल घरेलू उत्पाद को बढ़ाने के लिए अधिक केंद्रीय सहायता का अनुरोध किया। आधिकारिक आंकड़ों से पता चलता है कि आंध्र प्रदेश का सार्वजनिक ऋण 2019-20 में सकल राज्य घरेलू उत्पाद के 31.02 प्रतिशत से बढ़कर 2023-24 में 33.32 प्रतिशत हो गया है, जो पिछले 5 वर्षों में बिगड़ती राजकोषीय स्थिति का संकेत देता है। लोकसभा के 16 सांसदों के साथ टीडीपी प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार का एक प्रमुख घटक है। राष्ट्रीय राजधानी के अपने दौरे के दूसरे दिन नायडू के गृह मंत्री अमित शाह से मिलने की संभावना है।

# बलौदाबाजार हिंसा में बड़ा ऐक्शन, कांग्रेस विधायक गिरफ्तार

**दुर्ग/बलौदाबाजार, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार शहर में 10 जून को सतनामी समुदाय के आंदोलन के दौरान हुई हिंसा के मामले में पुलिस ने कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव को गिरफ्तार किया है। वहीं, यादव ने बीजेपी सरकार पर आगजनी मामले में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को फंसाने का आरोप लगाया है। पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने कहा कि विधायक को दुर्ग जिले में उनके आवास से पकड़ा गया। उन्हें बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के मुख्यालय बलौदाबाजार लाया गया, जहां उन्हें शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया।

कांग्रेस विधायक पर पुलिस की कार्रवाई की बात फैलने के बाद यादव के कई समर्थक दुर्ग के भिलाई नगर इलाके में उनके आवास के बाहर एकत्र हुए और नारे लगाए। पार्टी का प्रभावशाली युवा चेहरा यादव भिलाई नगर निर्वाचन क्षेत्र से दूसरी बार विधायक हैं। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यादव को बलौदाबाजार आगजनी घटना में कोतवाली थाने में दर्ज एक मामले के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है। मामला भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज किया गया था। यादव को एक स्थानीय अदालत में पेश किया गया। अदालत ने उन्हें 20 अगस्त तक के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

बता दें कि 15 की रात को अज्ञात व्यक्तियों ने बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के गिरौदपुरी धाम में अमर गुफा के पास सतनामी समुदाय द्वारा पूजे जाने वाले पवित्र प्रतीक जैतखाम या विजय स्तंभ को तोड़ दिया था। 10 जून को इसके विरोध में सतनामियों द्वारा किए गए विरोध प्रदर्शन के दौरान भीड़ ने बलौदाबाजार शहर में एक सरकारी कार्यालय भवन और 150 से अधिक वाहनों को आग लगा दी थी। दशहरा मैदान में सतनामियों के प्रदर्शन के दौरान विधायक यादव सहित कांग्रेस नेता कथित तौर पर एक सार्वजनिक बैठक में शामिल हुए थे। 10 जून की आगजनी के सिलसिले में भारतीय राष्ट्रीय छात्र संघ (एनएसयूआई) और भीम आर्मी के सदस्यों सहित लगभग 150 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। सत्तारूढ़ भाजपा की आलोचना करते हुए यादव ने कहा कि वह सरकार से नहीं डरते हैं और लोगों के लिए अपनी लड़ाई जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बलौदाबाजार आगजनी मामले में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को फंसाने की कोशिश कर रही है। कहा कि सतनामी समाज के युवाओं और निर्दोषों के लिए आवाज उठाने पर सरकार ने उनके खिलाफ कार्रवाई की। वहीं, राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने यादव की गिरफ्तारी को राजनीतिक प्रतिशोध करार दिया। बघेल ने आरोप लगाया कि पूरी घटना में सरकार और पुलिस की भूमिका संदिग्ध है। घटना में पूर्व विधायक सनम जांगड़े की कथित भूमिका सामने आने के बावजूद भाजपा के किसी सदस्य से न तो पूछताछ की गई और न ही उन्हें गिरफ्तार किया गया। उन्होंने कहा कि देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी पूरी तरह से राजनीतिक द्वेष के कारण की गई है और हम इसका विरोध करते हैं। बघेल ने कहा, हम कानूनी सुझाव लेंगे और उसके अनुसार भविष्य की कार्रवाई तय करेंगे। विधायक यादव छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के सत्ता में रहने के दौरान उजागर हुए कथित कोयला लेवी घोटाले के संबंध में प्रवर्तन निदेशालय और राज्य के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो और आर्थिक अपराध शाखा द्वारा दर्ज मामलों में भी आरोपी हैं।

# भारतीय राजनीति की प्रखर नेता निर्मला सीतारमण, साउथ ब्लॉक में धमक बरकरार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मोदी सरकार में वित्त मंत्रालय की कमान संभालने वाली निर्मला सीतारमण का सियासी सफर कई उपलब्धियों और चुनौतियों से भरा हुआ है। बतौर वित्त मंत्री वह भारत के इतिहास में पूर्णकालिक रूप से यह पद संभालने वाली पहली महिला हैं। दक्षिण भारत राज्य तमिलनाडु के मदुरै से लेकर लुटियंस दिल्ली तक उनकी धमक सियासी जमात की महिलाओं के लिए प्रेरणा का प्रतीक है।

निर्मला सीतारमण का जन्म 18 अगस्त 1959 को तमिलनाडु के मदुरै में हुआ था। उन्होंने तिरुचिरापल्ली के सीतालक्ष्मी रामास्वामी कॉलेज से अर्थशास्त्र में स्नातक की पढ़ाई की। वैश्विक आर्थिक विषयों में गहरी रुचि रखने वाली निर्मला सीतारमण ने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में मास्टर डिग्री हासिल की। निर्मला सीतारमण की शैक्षणिक योग्यता और उनकी उभरती हुई राजनीतिक शख्सियत ने उन्हें वैश्विक मंच पर एक अलग पहचान दिलाई। भारतीय राजनीति में कदम रखने से पहले सीतारमण कॉर्पोरेट क्षेत्र में एक सफल पेशेवर रही है। भाजपा के बैनर तले 2006 में निर्मला सीतारमण के सियासी सफर की शुरूआत हुई। हाजिरजवाबी और बेहतर संवाद शैली की वजह से निर्मला सीतारमण पार्टी में तरक्की की सीढ़ियां चढ़ती गई। पार्टी ने उनकी बौद्धिक प्रखरता का सम्मान करते हुए पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी का सदस्य बनाया और प्रवक्ता की जिम्मेदारी सौंपी। तमाम मीडिया प्लेटफॉर्म पर पार्टी का पुरजोर तरीके से पक्ष रखते हुए उन्होंने बहस को समृद्ध बनाने का काम किया। विपक्ष में रहते हुए बतौर पार्टी प्रवक्ता अपनी धारदार तर्क शैली से यूपीए सरकार की आर्थिक नाकामियों और नीतिगत खामियों को उजागर किया। 2014 में मोदी सरकार में उन्हें जगह मिली। मोदी सरकार के पहले कार्यकाल में उन्हें वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय का स्वतंत्र प्रभार मंत्री बनाया गया। इस दौरान बतौर मंत्री उन्होंने मोदी सरकार की आर्थिक नीतियों का बचाव किया, जिसमें नोटबंदी और जीएसटी समेत तमाम फैसले शामिल थे। 2017 में निर्मला सीतारमण भारत की पहली पूर्णकालिक महिला रक्षा मंत्री बनकर नया कीर्तिमान स्थापित किया। बतौर रक्षा मंत्री चीन के साथ डोकलाम गतिरोध समेत कई मुद्दों पर सरकार के लिए संकटमोचक की भूमिका में रही। सुखोई-30 एमकेआई में उड़ान भरने वाली देश की पहली महिला रक्षा मंत्री के रूप में उनके नाम अनोखा रिकॉर्ड दर्ज है। उनको अरुण जेटली की जगह रक्षा मंत्री बनाया गया। साल 2017 में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के बाद किसी महिला को रक्षा मंत्रालय ने कार्यभार संभाला था। मोदी सरकार का हिस्सा बनने के बाद उनका सियासी सफर आज भी बदस्तूर जारी है। आज की तारीख में वह सत्ता के केंद्र बिंदु साउथ ब्लॉक में आमाद दर्ज कराना वाली देश की सबसे ताकतवर महिला शख्सियत है।

# प्रधानमंत्री के सेकुलर सिविल कोड वाले बयान पर मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की आपत्ति

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने संबोधन में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) की जोरदार वकालत की है। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि देश ऐसे नागरिक संहिता की ओर आगे बढ़े जो मौजूदा नागरिक संहिता की तरह सांप्रदायिक और भेदभावपूर्ण न होकर धर्मनिरपेक्ष हो। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (एआईएमपीएलबी) ने शनिवार को पीएम मोदी के बयान पर आपत्ति जताई है। बोर्ड ने बयान में कहा, बोर्ड साफ शब्दों में यह स्पष्ट करता है कि यह मुसलमानों को अस्वीकार्य है क्योंकि वे शरिया कानून (मुस्लिम पर्सनल लॉ) से कभी समझौता नहीं करेंगे। बोर्ड के प्रवक्ता एसक्यूआर इलियास ने कहा, प्रधानमंत्री द्वारा धर्म के आधार पर पर्सनल लॉ को सांप्रदायिक करार देने और उनकी जगह धर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिता लागू करने की घोषणा पर आश्चर्य व्यक्त किया है।

गुरुवार को लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था, मैं कहता हूं कि यह समय की मांग है कि देश में धर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिता होनी चाहिए। हमने सांप्रदायिक नागरिक संहिता के तहत 75 साल गुजारे हैं। अब हमें धर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिता की ओर बढ़ना होगा। तभी हमें देश में धर्म के आधार पर हो रहे भेदभाव से मुक्ति मिलेगी। इलियास ने कहा कि यह एक सोची-समझी साजिश है जिसके गंभीर परिणाम होंगे। उन्होंने कहा कि सरकार को भाजपा सरकार द्वारा नियुक्त विधि आयोग के अध्यक्ष द्वारा की गई टिप्पणी को बरकरार रखना चाहिए। उन्होंने 2018 में स्पष्ट रूप से कहा था कि समान नागरिक संहिता न तो आवश्यक है और न ही वांछनीय है।

इलियास ने कहा कि बोर्ड यह उल्लेख करना महत्वपूर्ण समझता है कि भारत के मुसलमानों ने कई बार यह स्पष्ट किया है कि उनके पारिवारिक कानून शरिया पर आधारित हैं, जिससे कोई भी मुसलमान किसी भी कीमत पर विचलित नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि देश के विधानमंडल ने स्वयं शरीयत आवेदन अधिनियम, 1937 को मंजूरी दी है और भारत के संविधान ने अनुच्छेद 25 के तहत धर्म को मानने, उसका प्रचार करने और उसका पालन करने को मौलिक अधिकार घोषित किया है।

उन्होंने कहा कि अन्य समुदायों के पारिवारिक कानून भी उनकी अपनी धार्मिक और प्राचीन परंपराओं पर आधारित हैं। उन्होंने कहा, उनके साथ छेड़छाड़ करना और सभी के लिए धर्मनिरपेक्ष कानून बनाने की कोशिश करना मूल रूप से धर्म का खंडन और पश्चिम की नकल है।

# हरियाणा विधानसभा चुनावः सर्वे में किसी भी दल को बहुमत मिलता नहीं दिख रहा है

**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव का ऐलान इलेक्शन कमिशन ने कर दिया है। जम्मू कश्मीर में तीन तो हरियाणा में एक फेज में वोट डाले जाएंगे, जबकि चार अक्टूबर को दोनों राज्यों के नतीजों का भी ऐलान हो जाएगा। चुनावी शेड्यूल जारी होते ही हरियाणा का एक ओपिनियन पोल सामने आया है। इस सर्वे में किसी भी दल को पिछली बार की तरह ही बहुमत मिलता नहीं दिखाया गया है। हालांकि, इस बार करीबी मुकाबला देखने को मिल सकता है।

टाइम्स नाऊ और मैटराइज के सर्वे के अनुसार, बीजेपी गठबंधन को सबसे ज्यादा 35.2 फीसदी वोट मिल सकते हैं, जबकि कांग्रेस को 31.6 फीसदी, जेजेपी को 12.4 फीसदी और अन्य को 20.8 फीसदी वोट मिलने की संभावना है। हरियाणा में बहुमत का आंकड़ा 46 है, लेकिन किसी भी दल को इतनी सीटें मिलती नहीं दिख रहीं। सर्वे के अनुसार, बीजेपी गठबंधन को 37-42, कांग्रेस को 33-38, जेजेपी को तीन से आठ और अन्य को सात से 12 सीटें मिल सकती हैं। यानी कि इस बार फिर से जेजेपी के दुष्यंत चौटाला की सरकार बनाने में अहम भूमिका हो सकती है।

सैंपल साइज की बात करें तो सर्वे के लिए 23 हजार से ज्यादा लोगों से बात की गई है, जिसमें पुरुष, महिलाएं और फर्स्ट टाइम वोटर्स शामिल हैं। वोटर्स से सवाल किया गया कि नायब सिंह सैनी की बतौर मुख्यमंत्री कैसी परफॉर्मेंस रही? इस पर 40 फीसदी ने बहुत बढ़िया बताया, 21 फीसदी ने औसत, 24 फीसदी ने अच्छी नहीं और 15 फीसदी ने कह नहीं सकते जवाब दिया। दुष्यंत चौटाला के बारे में जब पूछा गया कि उनका रोल क्या रहने वाला है? इस पर 24 फीसदी ने कहा कि वे चुनाव से पहले या फिर बाद में बीजेपी गठबंधन के साथ जाएंगे, जबकि 44 फीसदी ने कहा कि वे कांग्रेस के साथ जा सकते हैं, जबकि 22 फीसदी ने कहा कि दुष्यंत चौटाला किसी भी गठबंधन का हिस्सा नहीं रहेंगे। हरियाणा चुनाव के महत्वपूर्ण मुद्दे कौन से हैं? इस पर 39 फीसदी ने मुख्यमंत्री कैंडिडेंट को बताया, गठबंधन को 26 फीसदी, किसानों के मुद्दे पर 23 फीसदी लोगों ने सहमति जताई। इसके अलावा, मुख्यमंत्री पद के लिए कौन सा चेहरा पसंदीदा है? इस सवाल पर सबसे ज्यादा नायब सिंह सैनी को 29 फीसदी, भूपिंदर सिंह हुड्डा को 27 फीसदी और दुष्यंत चौटाला को 9 फीसदी लोगों ने वोट दिया। हरियाणा में अग्निवीर स्कीम भी बड़ा मुद्दा है। सर्वे में इससे जुड़ा भी सवाल किया गया। पूछा गया कि क्या आप राहुल गांधी की अग्निवीर स्कीम को रद्द करने वाली बात का समर्थन करते हैं? इस पर 29 फीसदी ने हां जवाब दिया, जबकि 56 फीसदी ने नहीं में जवाब दिया।

## वर्ल्ड कप में नहीं होगी भारत-पाकिस्तान की टक्कर, ICC का चौंकाने वाला फैसला

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईसीसी का टूर्नामेंट हो और भारत-पाकिस्तान के बीच टक्कर ना हो, ऐसा सुनने में थोड़ा अजीब लगता है. लेकिन चौंकिए मत, क्योंकि अब ऐसा होने जा रहा है. आईसीसी ने हैरान करने वाला फैसला लिया है. 2025 में महिला क्रिकेट का अंडर-19 वर्ल्ड कप होने वाला है. इस टूर्नामेंट में ग्रुप स्टेज के दौरान भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला नहीं होगा. आईसीसी ने दोनों टीमों को अलग-अलग ग्रुप में रखा है. इस फैसले पर किसी को भी यकीन नहीं हो रहा है, क्योंकि दोनों देश के बीच सालों से राइवलरी चली आ रही है. फैंस भी इस मैच का बेसब्री से इंतजार करते हैं. आईसीसी इसका फायदा व्यूअरशिप बढ़ाने के लिए उठाती है और अपने हर टूर्नामेंट में टीम इंडिया और पाकिस्तान को एक ही ग्रुप में रखती है. हालांकि, इस बार ऐसा नहीं होगा.

16 टीमें हिस्सा लेंगी, समोआ का डेब्यू

महिला क्रिकेट की अंडर-19 वर्ल्ड कप की शुरुआत 18 जनवरी 2025 से होगी, जिसकी मेजबानी मलेशिया करेगा. 2023 की तरह इस बार भी 16 टीमें हिस्सा लेने वाली हैं. 18 जनवरी से शुरू होने वाले इस टूर्नामेंट में कुल 41 मैच होंगे. इसका फाइनल मुकाबला 2 फरवरी को खेला जाएगा. सभी टीमें 13 से 16 जनवरी के बीच वॉर्म अप मैच खेलेंगी. वहीं समोआ की टीम पहली बार आईसीसी टूर्नामेंट में डेब्यू करने जा रही है. इससे पहले समोआ ने किसी भी एज ग्रुप में कोई आईसीसी टूर्नामेंट नहीं खेले हैं. बता दें थाईलैंड पहले इस टूर्नामेंट को को-होस्ट करने वाला था, लेकिन बाद अपना नाम वापस ले लिया.

## अरशद नदीम के सम्मान में कई ओलंपियन का किया गया अपमान?

निमंत्रण रद्द करने का लगा आरोप

**कराची, एजेंसी।** नदीम ने ओलंपिक रिकॉर्ड 92.97 मीटर की दूरी के साथ पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता था। पाकिस्तान ने ओलंपिक में अपना पिछला स्वर्ण पदक 1984 में लॉस एंजिलिस में हॉकी में ही जीता था। नदीम से पहले ओलंपिक का पिछला पदक भी पाकिस्तान की हॉकी टीम के नाम है। टीम ने 1992 में कांस्य पदक जीता था।

पाकिस्तान सरकार ने पेरिस ओलंपिक चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी अरशद नदीम के सम्मान में रात्रिभोज आयोजित किया, लेकिन इसमें भी विवाद खड़ा हो गया। पाकिस्तान के पूर्व हॉकी खिलाड़ी राव सलीम नाजिम ने दावा किया कि पाकिस्तान सरकार ने नदीम के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम के निमंत्रण को अतिथि प्रबंधन के नाम पर वापस लेकर कई ओलंपियन का अपमान किया है। नदीम ने ओलंपिक रिकॉर्ड 92.97 मीटर की दूरी के साथ पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता था। पाकिस्तान का पिछला ओलंपिक पदक 1992 के बार्सीलोना खेलों में हॉकी का कांस्य पदक था। उनके थ्रो ने आसानी से नॉर्वे के एंड्रियास थोरकिल्डसन के 200 बीजिंग ओलंपिक में बनाए गए 90.57 मीटर के पिछले ओलंपिक रिकॉर्ड को पार कर लिया। पाकिस्तान ने ओलंपिक में अपना पिछला स्वर्ण पदक 1984 में लॉस एंजिलिस में हॉकी में ही जीता था। नदीम से पहले ओलंपिक का पिछला पदक भी पाकिस्तान की हॉकी टीम के नाम है।

## अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में विराट के 16 साल पूरे

- 18 अगस्त के दिन किंग कोहली ने किया था डेब्यू

**नईदिल्ली, एजेंसी।** विराट कोहली ने 16 साल पहले अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू किया था. कोहली ने श्रीलंका के खिलाफ अपने करियर का पहला अंतर्राष्ट्रीय मुकाबला खेला था. उन्होंने वनडे ज़रिए इंटरनेशनल क्रिकेट में कदम रखा था. करियर के शुरुआत से ही किंग कोहली ने अपना दबदबा बनाना शुरू किया और फिर उन्हें क्रिकेट के किंग होने का खिताब मिला.

अंतर्राष्ट्रीय डेब्यू करने के बाद विराट कोहली ने अपने शानदार प्रदर्शन की बदौलत टीम इंडिया में पैर जमाए और अपनी जगह पक्की की. फिर धीरे-धीरे उन्हें कप्तान के रूप में देखा जाने लगा. फिर एमएस धोनी के बाद कोहली को तीनों फॉर्मेट में टीम इंडिया का कप्तान नियुक्त किया गया. कोहली की कप्तानी में टीम इंडिया ने नई ऊंचाइयां हासिल कीं. वनडे के ज़रिए अंतर्राष्ट्रीय डेब्यू करने वाले किंग कोहली ने धीरे-धीरे तीनों फॉर्मेट की टीम में अपनी जगह बनाई. 2010 में उन्होंने टी20 इंटरनेशनल में डेब्यू किया और फिर 2011 में किंग कोहली ने टेस्ट क्रिकेट में कदम रखा. तीनों फॉर्मेट की टीम में जगह बनाने के बाद कोहली ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा.

### टी20 इंटरनेशनल को कह चुके हैं अलविदा

टीम इंडिया के टी20 वर्ल्ड कप 2024 का खिताब जीतते ही विराट कोहली ने टी20 इंटरनेशनल को अलविदा कह दिया था. उन्होंने इस बात पर ज़ोर देते हुए फॉर्मेट से संन्यास का एलान किया था कि अब युवाओं को मौका देने की बारी है.

### अब तक ऐसा रहा अंतर्राष्ट्रीय करियर

गौरतलब है विराट कोहली ने अब तक अपने करियर में 113 टेस्ट, 295 वनडे और 125 टी20 इंटरनेशनल मुकाबले खेल लिए हैं. टेस्ट की 191 पारियों में उन्होंने 49.15 की औसत से 8848 रन बना लिए हैं. टेस्ट में किंग कोहली के बल्ले से 29 शतक और 30 अर्धशतक निकल चुके हैं, जिसमें उनका हाई स्कोर 254* रनों का रहा है.

इसके अलावा वनडे की 283 पारियों में उन्होंने 58.18 की औसत से 13906 रन बना लिए हैं, जिसमें 50 शतक और 72 अर्धशतक शामिल हैं. बाकी टी20 इंटरनेशनल की 117 पारियों में किंग कोहली ने 48.69 की औसत और 137.04 के स्ट्राइक रेट से 4188 रन बनाए, जिसमें 1 शतक और 38 अर्धशतक शामिल रहे.



# संन्यास के फैसले को लेकर अनिश्चित हैं विनेश फोगाट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विनेश ने पेरिस में शानदार प्रदर्शन किया था और फाइनल में पहुंचने में सफल रही थीं। विनेश पहली भारतीय पहलवान थीं जो ओलंपिक फाइनल तक पहुंची हैं, लेकिन स्वर्ण पदक मुकाबले से ठीक पहले उनका वजन निर्धारित सीमा से अधिक पाया गया और उन्हें अयोग्य घोषित किया गया था।

भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट पेरिस ओलंपिक के बाद अपने संन्यास लेने के फैसले को लेकर अनिश्चित हैं। विनेश ने 50 किग्रा वर्ग में फाइनल में पहुंचने के बाद अयोग्य करार दिए जाने के बाद अचानक से कुश्ती से संन्यास लेने का फैसला किया था। विनेश ने पेरिस में शानदार प्रदर्शन किया था और फाइनल में पहुंचने में सफल रही थीं। विनेश पहली भारतीय पहलवान थीं जो ओलंपिक फाइनल तक पहुंची हैं, लेकिन स्वर्ण पदक मुकाबले से ठीक पहले उनका वजन निर्धारित सीमा से अधिक पाया गया और उन्हें अयोग्य घोषित किया गया था।

संन्यास को लेकर क्या बोलीं विनेश?

विनेश ने कहा कि वह अपने संन्यास के फैसले को लेकर अनिश्चित हैं। उन्होंने हालांकि इस मामले में ज्यादा कुछ नहीं बोला, लेकिन आश्वासन दिया कि उनकी लड़ाई जारी रहेगी। विनेश ने कहा, ओलंपिक पदक से चूकना एक गहरा जख्म है जिससे उबरने में समय लगेगा। लेकिन मैं देशवासियों, परिवार और गांव वालों का धन्यवाद देती हूं जिन्होंने मुझे इतना प्यार दिया और इस दुख से उबरने में मेरी मदद की। मुझे लगा कि मैं कुश्ती छोड़ दूंगी, लेकिन फिलहाल कुछ नहीं कह सकती कि मैं कुश्ती छोड़ूंगी या इसे जारी रखूंगी। आपने मुझे जो भी साहस दिया है, उसे मैं सही दिशा में ले जाना चाहती हूं। हमारी लड़ाई खत्म नहीं हुई है। मैंने अभी इसका एक हिस्सा पार किया है लेकिन वह भी पूरा नहीं हो सका। यह एक लंबी लड़ाई है, हम पिछले एक साल से इसे लड़ रहे हैं और यह जारी रहेगी। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि सत्य की जीत हो।

खेल पंचाट में अपील हुई खारिज

विनेश ने अयोग्य करार दिए जाने के फैसले के खिलाफ खेल पंचाट (सीएएस) में अपील की थी। विनेश ने अपनी अपील में उन्हें संयुक्त रूप से रजत पदक देने की मांग की थी। हालांकि, उनका यह प्रयास भी काम नहीं आया क्योंकि खेल पंचाट ने उनकी अपील खारिज कर दी थी जिससे उनका पदक जीतने का सपना टूट गया था।

### स्वदेश पहुंचने पर हुआ भव्य स्वागत

पदक से चूकने के बावजूद विनेश का स्वदेश पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया था। दिल्ली एयरपोर्ट पर शनिवार को उनके प्रशंसकों ने विनेश का जोरदार स्वागत किया। विनेश खुली कार में सवार होकर प्रशंसकों का अभिवादन करती रहीं और प्रशंसकों ने उन पर फूलों की बौछार की।

हरियाणा में अपने गांव पहुंचने पर विनेश का सम्मान किया गया जहां उन्होंने स्वीकार किया कि ओलंपिक में पदक से चूकना एक गहरा घाव है जिससे उबरने में समय लेगा।

## अदिति अशोक महिला स्कॉटिश ओपन में कट से चूकीं

**इर्विन (स्कॉटलैंड), एजेंसी।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक दूसरे दौर में तीन ओवर 75 के लचर प्रदर्शन के साथ आईएसपीएस हांडा महिला स्कॉटिश ओपन टूर्नामेंट में कट हासिल करने में नाकाम रहीं। लेडीज यूरोपीय टूर पर 5 बार की विजेता अदिति ने पहले दौर में 81 का स्कोर बनाया था। अदिति ने दूसरे दौर में एक बोगी और एक डबल बोगी की जिसका उनका स्कोन तीन ओवर रहा। वह दोनों दौर में एक भी बर्डी नहीं लगा पाईं। अदिति स्कॉटिश ओपन में आठ बार हिस्सा लेते हुए छह बार कट से चूकीं हैं जबकि इस टूर्नामेंट में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2023 में आया जब वह संयुक्त रूप से 55वें स्थान पर रहीं। ऑस्ट्रेलिया की मिनजी ली (तीन अंडर 69) और मेगान खेंग आठ अंडर के कुल स्कोर के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रही हैं। भारत के जीव मिल्खा सिंह जाबिया गोल्फ लीजेंड्स के पहले दौर में पार 72 के स्कोर से संयुक्त रूप से 19वें स्थान पर हैं।

भारत में अगले हफ्ते लीजेंड्स टूर प्रतियोगिता की मेजबानी करने वाले जीव ने एक बर्डी और एक बोगी की जिससे उन्होंने पार का स्कोर बनाया। साइमन खान ने पहले दौर में छह अंडर 66 के स्कोर के साथ बढ़त बना ली है और वह लीजेंड्स टूर पर पहली जीत दर्ज करने की ओर बढ़ रहे हैं।

प्रीमियर लीग

## आर्सेनल ने जीत के साथ शुरू किया अभियान, वॉल्व्स को 2-0 से हराया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इस मुकाबले में आर्सेनल शुरुआत से ही हावी रही। हालांकि, वॉल्व्स के खिलाड़ियों ने विरोधियों का डटकर सामना किया। 14वें मिनट में बुकायो साका ने जोस सा को बचाव के लिए मजबूर किया और इसके बाद बेन व्हाइट ने काफी दूर से शॉट मारा। आर्सेनल ने शनिवार को वॉल्व्स पर 2-0 से जीत के साथ अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। साका ने एक गोल किया और काई हैवर्टज को ओपनर के लिए तैयार किया, जिससे गनर्स ने पहले सप्ताहांत में बढ़त हासिल कर ली। दूसरे हाफ में वॉल्व्स ने शुरुआत में हाथ-पांव मारे लेकिन गैरी ओनील की सेना वापसी करने से चूक गई। इस मुकाबले में आर्सेनल शुरुआत से ही हावी रही। हालांकि, वॉल्व्स के खिलाड़ियों ने विरोधियों का डटकर सामना किया। 14वें मिनट में बुकायो साका ने जोस सा को बचाव के लिए मजबूर किया और इसके बाद बेन व्हाइट ने काफी दूर से शॉट मारा। साका ने 19वें मिनट में एक बार फिर सा को चुनौती दी।

वॉल्व्स ने अपना खेल आगे बढ़ाया। दरअसल, बेलेगार्डे का फ्रीकिक बार के ऊपर चला गया था। इस स्थिति में 36वें मिनट में जॉर्गेन लार्सन ने एक स्पष्ट हेडर लगाया, जिसे डेविड राया ने बचाया। आर्सेनल के पास 44वें मिनट में 2-0 का स्कोर बनाने का मौका था, जब मार्टिनेली का शॉट ऊपर चला गया। दूसरे हाफ में वॉल्व्स ने अपनी हीट बढ़ा दी क्योंकि मेजबान टीम निश्चित रूप से बैकफुट पर थी। 62वें मिनट में ऐट-नूरी का शॉट चूक गया जिससे राया को परेशानी का सामना करना पड़ा। 68वें मिनट में जब डिफेंस ने मैथ्यूस कुन्हा को गेंद पर कब्जा दिया तब आर्सेनल लगभग हार ही गया था।

## साउथ अफ्रीका ने 40 रन से जीता दूसरा टेस्ट

### वेस्टइंडीज से सीरीज 1-0 से जीती, केशव महाराज रहे प्लेयर ऑफ सीरीज

**गयाना, एजेंसी।** साउथ अफ्रीका ने टेस्ट सीरीज के दूसरे और आखिरी मुकाबले में वेस्टइंडीज को 40 रन से हर दिया। साउथ अफ्रीका ने 2 टेस्ट मैचों की सीरीज 1-0 से जीत ली है। पहला मुकाबला ड्रॉ रहा था। साउथ अफ्रीका की वेस्टइंडीज पर यह लगातार 10वीं टेस्ट सीरीज जीत है। स्पिनर केशव महाराज प्लेयर ऑफ द सीरीज रहे। उन्होंने 13 विकेट लिए।

गुयाना में वेस्टइंडीज को दूसरी पारी में जीत के लिए साउथ अफ्रीका की ओर से 263 रन का टारगेट मिला, लेकिन पूरी टीम 66.2 ओवर में 222 रन ही बना सकी। पहली पारी में साउथ अफ्रीका ने 160 रन पर आउट होने के बाद दूसरी पारी में 246 रन बनाए थे। वेस्टइंडीज ने पहली पारी में 144 रन बनाए थे।

इस जीत से साउथ अफ्रीका वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 की पॉइंट्स टेबल के 5वें नंबर पर आ गई है। टीम के पास 38.89त्र अंक हैं।

### खराब रही विंडीज की शुरुआत

जीत के लिए 263 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही। ओपनर माइकल लुईस 4 रन बनाकर कगिसो रबाडा की गेंद पर कैच आउट हो गए। इसके बाद कप्तान क्रैग ब्रेथवेट ने कैसी कार्टी के साथ मिलकर पारी को संभाला और स्कोर 50 रन के पार पहुंचाया, लेकिन 54 के स्कोर पर ब्रेथवेट 25 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इसके बाद जल्दी ही कार्टी भी मुडलर की गेंद पर बोल्ड हो गए। उन्होंने 17 रन बनाए।

## पैट कमिंस लंबे समय तक नहीं खेलेंगे क्रिकेट

**मेलबर्न, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट कप्तान पैट कमिंस ने लंबे समय के लिए क्रिकेट से किनारा कर लिया है. क्रिकेट से ये दूरी उन्होंने अपने वर्कलोड को मैनज कर खुद को तरोताजा करने के लिए बनाई है. खबर है कि कमिंस 7 से 8 हफ्ते क्रिकेट खेलते नहीं दिखेंगे. इंग्लैंड और स्कॉटलैंड दौरे की ऑस्ट्रेलियाई टीम में भी उनका सेलेक्शन इसी वजह से नहीं हुआ है. यानी, कमिंस का इरादा अब सीधे भारत के खिलाफ नवंबर 2024 से जनवरी 2025 के बीच होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में वापसी करने का है.

क्रिकेट फील्ड पर कमिंस ने अपना आखिरी मैच पिछले महीने अमेरिका की मेजर लीग क्रिकेट में खेला था. फॉक्स स्पोर्ट्स से बातचीत में कमिंस ने कहा कि भारत के खिलाफ होने वाली घरेलू टेस्ट सीरीज से पहले वर्कलोड को मैनेज करना जरूरी है. उन्होंने कहा कि वो लगभग 18 महीने से लगातार क्रिकेट खेल रहे हैं. ऐसे में 7-8 हफ्ते आराम की जरूरत है ताकि शरीर को रिकवर कर तरोताजा होने का टाइम मिल सके.

## अंडर-19 महिला टी20 वर्ल्ड कप का शेड्यूल घोषित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईसीसी ने मलेशिया में होने वाले अंडर-19 महिला ञ्20 वर्ल्ड कप 2025 के लिए मैचों का कार्यक्रम घोषित किया। दुनिया भर की सोलह टीमें 41 मैचों के इस आयोजन में हिस्सा लेंगी। टूर्नामेंट की शुरुआत 18 जनवरी से होगी और फाइनल 2 फरवरी 2025 को खेला जाएगा। टूर्नामेंट के शुरू होने से पहले 13 से 16 जनवरी तक 16 अभ्यास मैच भी खेले जाएंगे। यह महिला अंडर-19 वर्ल्ड कप का दूसरा संस्करण है। भारत ने पहले संस्करण को अपने नाम किया था। भारतीय टीम अपना पहला मैच 19 जनवरी को वेस्टइंडीज से खेलेगी।

*ऋषभ पंत की टीम हारी, आयुष बडोनी की कप्तानी पारी*

## पुरानी दिल्ली के खिलाफ साउथ दिल्ली ने चेज किया 198 का टारगेट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कप्तान आयुष बदोनी और प्रियांश आर्य के शानदार अर्धशतक की बदौलत साउथ दिल्ली सुपरस्टार ने शनिवार (18 अगस्त) को अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली प्रीमियर लीग टी20 के पहले सीजन के पहले मैच में ऋषभ पंत की अगुआई वाली पुरानी दिल्ली 6 को तीन विकेट से हरा दिया। अर्पित राणा के 41 गेंदों पर 59 और वंश बेदी के 19 गेंदों पर 47 रनों की बदौलत पुरानी दिल्ली 6 ने 20 ओवर में 197/3 का स्कोर बनाया।

इसके बाद साउथ दिल्ली सुपरस्टार ने 19.1 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। साउथ दिल्ली सुपरस्टार ने 198 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पारी की शुरुआत काफी तेज की। ओपनर बल्लेबाज प्रियांश आर्य और सार्थक रे की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत उन्होंने पावरप्ले में 73 रन बनाए। 26 गेंदों पर 41 रन बनाने वाले रे को सातवें ओवर में शिवम शर्मा ने कॉट एंड बोल्ड कर दिया, जबकि आर्य ने 12वें ओवर में 27 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया।

आयुष बदोनी ने लगातार चार छक्के लगाए

कप्तान आयुष बदोनी ने सावधानी से अपनी पारी की शुरुआत की थी। उन्होंने अंकित भड़ाना की गेंदों पर लगातार चार छक्के लगाए। इससे टीम का स्कोर 140/1 हो गया। आर्य 30 गेंदों पर तीन चौकों और चार छक्कों की मदद से 57 रन बनाने के बाद अगले ओवर में शर्मा की गेंद पर अर्पित राणा के हाथों कैच आउट हो गए। ध्रुव सिंह (2 गेंदों पर 1 रन) फिर प्रिंस यादव की गेंद पर सस्ते में आउट हो गए। बदोनी ने 14वें ओवर में 25 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। इससे गेंद और रन का अंतर काफी कम हो गया। 36 गेंदों पर 38 रन चाहिए थे।

पुरानी दिल्ली 6 ने जल्दी-जल्दी चार विकेट चटकाए

हालांकि,मैच में फिर रोमांच आया। पुरानी दिल्ली 6 ने जल्दी-जल्दी चार विकेट चटकाए। बदोनी (29 गेंद पर 57) और तेजस्वी (1 गेंद पर 0) 15वें ओवर में आउट हो गए। कुंवर बिधूड़ी (7 गेंद पर 5) 17वें ओवर में और सुमित माथुर (10 गेंद पर 9) 18वें ओवर में आउट हो गए।

# वीरांगना अवंती बाई लोधी जयंती पर राष्ट्रीय एकता भाईचारा सम्मेलन आयोजित

## ग्राम टिकुरहा से खोरा तक निकाली गई तिरंगा यात्रा, रिमझिम बारिश में भी युवाओं में दिखा उत्साह

**अजयगढ़।** वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी की 193 वीं जयंती पर अजयगढ़ क्षेत्र के युवाओं के द्वारा राष्ट्रीय एकता भाईचारा सम्मेलन तिरंगा यात्रा एवं विशाल वाहन रैली का आयोजन किया गया, 21 दिनों तक चले वृहद पौधारोपण अभियान उपरांत 16 अगस्त 2024 को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार ग्राम टिकुरहा में क्षेत्रीय युवा एकत्र हुए जहां वीरांगना अवंती बाई और स्वामी ब्रह्मानंद के छायाचित्र पर पुष्प अर्पण कर क्षेत्रीय कलाकारों के द्वारा देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी गई, इसके बाद तिरंगा यात्रा एवं वाहन रैली प्रारंभ हुई, रिमझिम बारिश में भी युवाओं के उत्साह में कोई कमी नहीं आई, बारिश चलती रही और डीजे की धुन में झूमते नाचते हुए युवा आगे बढ़ते रहे, जगह-जगह जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों के द्वारा पुष्पमाला, पुष्पवर्षा, तिलक वंदन, जलपान एवं सुल्पाहार से स्वागत किया गया, रामजी दुल-दुल घोड़ी मंडली ने अपनी अनोखी कला की प्रस्तुति से कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए।

विषाल वाहन रैली एवं तिरंगा यात्रा ग्राम टिकुरहा से प्रारंभ होकर माखनपुर, पयारी, नयागांव, भोंदू की चक्की, चंपतपुर, पंचमपुर, रमजूपुर, पैकनपुर, धरमपुर, अमिलहा, निजामपुर, सरवंषी होते हुए खोरा पहुंची जहां लोगों के द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

ग्राम खोरा में भ्रमण उपरांत विशाल रैली सामुदायिक भवन में पहुंची जहां पूजन उपरांत कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। अतिथियों के रुप में कार्यक्रम में षामिल हुए पूर्व सैनिक एवं ग्राम पंचायत दिया के सरपंच राम शिरोमणि लोधी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी नंदपाल सिंह लोधी, निरीक्षक हरि सिंह ठाकुर, रामायण सिंह लोधी, डॉ केपी राजपूत, पूर्व प्राचार्य रामकिशोर अहिरवार, मनोज प्रताप सिंह, संजय अहिरवार, सामाजिक कार्यकर्ता शेख अंजाम, वीरेंद्र सिंह यादव एवं राज सिंह को सम्मानित किया गया।

मंचीय कार्यक्रम के दौरान विद्वान वक्ताओं ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वीरांगना अवंती बाई लोधी के जीवन एवं उनकी वीर गाथा पर प्रकाष डालते हुए देष भक्ति एकता भाईचारा एवं संगठित रहने का संदेश दिया।

अंत में कार्यक्रम के मुख्य आयोजक टीम के सदस्यों राम सिंह लोधी, राजेश सिंह लोधी, रामधाम सिंह लोधी, चंदन सिंह लोधी, शुभम सिंह राजपूत, महेंद्र सिंह लोधी, राजेंद्र सिंह लोधी, रोशन सिंह राजपूत, धर्मेंद्र सिंह राजपूत, रामपाल सिंह राजपूत, सतीश सिंह, विनय सिंह, संजय कुमार, रामकृष्ण गुड्डू, रतन सिंह, शुभकांत सिंह सरपंच, रजमन सिंह सरपंच, धीरेंद्र सिंह उर्फ बेटा जनपद सदस्य प्रतिनिधि, पप्पू सिंह लोधी, कौशल किशोर लोधी, दीपेंद्र सिंह राजपूत, दिनेश सिंह राजपूत, बीपी सिंह राजपूत, शिव कुमार सिंह, मलखान सिंह, अखिलेश सिंह, राहुल सिंह, अरविंद सिंह, तुलसीदास सिंह आदि को पुष्प माला से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता रिटायर्ड प्रचार बाबूलाल वर्मा के द्वारा की गई, मंच का संचालन शिक्षक चंद्रशेखर लोधी के द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन संजय सिंह राजपूत ने किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान हजारों की संख्या में क्षेत्रवासी शामिल रहे। सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था बनाए रखने धरमपुर थाना एवं खोरा चैकी के पुलिस जवान पूरी तिरंगा यात्रा एवं मंचीय कार्यक्रम के दौरान डटे रहे। बताया गया है कि अगला जिला स्तरीय कार्यक्रम 25 अगस्त को पन्ना में होगा।

# विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाया गया

**पन्ना।** शासन के निर्देशानुसार स्वतंत्रता दिवस के पूर्व दिवस पर विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद पन्ना में कार्यक्रम आयोजित कर देश विभाजन की त्रासदी में प्राण न्यौछावर करने वाले लोगों का स्मरण कर मौनधारण किया गया। नपाध्यक्ष मीना पाण्डेय ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी अपने भविष्य के प्रति सजग और समझदार है। इसलिए वर्तमान पीढ़ी को संघर्ष के दौर तथा देश विभाजन के समय तत्कालीन भयानक त्रासदी के रूप में गलत निर्णयों के कारण पीड़ित परिवारों के दर्द को स्मरण करना चाहिए। सभी को राष्ट्र प्रेम का संकल्प भी लेना आवश्यक है। देश विभाजन के दौरान अपने प्राणों का आहूति देने वाले लोगों को याद करते हुए उन्होंने कहा कि देश का विभाजन किसी विभीषिका से कम नहीं था। भारत के लाखों लोगों ने बलिदान देकर आजादी प्राप्त की थी। इसलिए स्मृति दिवस मनाकर भेदभाव, वैमनस्यता और दुर्भावना को समाप्त करने का प्रयास करना चाहिए। इस दौरान छायाचित्र प्रदर्शनी के माध्यम से विभीषिका व देश की आजादी के संघर्ष के दौर को दिखाया गया।

# शासन की योजनाओं का लाभ लेने के लिए समग्र एवं आधार से ई-केवायसी आवश्यक

**पन्ना।** शासन द्वारा संचालित सभी योजनाओं एवं शासकीय कार्यों का लाभ लेने के लिये सभी खाताधारक, भूमि स्वामियों, प्लॉट-भूखण्ड, मकान मालिकों जिनके नाम खसरा रिकार्ड में दर्ज हैं उन्हें अपने-अपने भू-खण्ड एवं कृषि भूमियों का समग्र आई.डी. एवं आधार कार्ड से ई-केवाईसी कराना आवश्यक है। अगर आप अपनी भूमियों की हेरा-फेरी एवं जमीन संबंधी गड़बड़ियों से बचना चाहते है और अपने भूखण्ड, मकान, दुकान कृषि भूमि को सुरक्षित रखना चाहते हैं तो आप सभी अपने नजदीकी सीएससी कंप्यूटर सेंटर पर जाकर अपनी-अपनी कृषि भूमियों, भूखण्डों, प्लाट एवं मकानो की ई-केवाईसी अवश्य करवाएँ और शासन की योजनाओं का लाभ ले सकते हैं तथा होने वाली धोखाधड़ी व असुविधा से बच सकते हैं। ई-केवाईसी के लिए अपने साथ समग्र आईडी, आधार कार्ड, जन्म तिथि से संबंधित कोई भी दस्तावेज, मोबाईल नम्बर, खसरा नकल साथ में ले जाऐं और शीघ्र अतिशीघ्र केवाईसी करवाएँ।

मोबाईल तथा कम्प्यूटर से ईकेवाईसी करने के लिए समग्र डॉट जीओव्ही डॉट इन पर लॉग इन करें। इसके पश्चात समग्र पोर्टल पर क्लिक करें। राजस्व महाअभियान अंतर्गत ई-केवाईसी समग्र आईडी प्रविष्टि करें, पंजीकृत मोबाइल से प्राप्त ओटीपी दर्ज करें। इसके बाद भूमि संबंधी जानकारी जैसे जिला, तहसील, ग्राम, खसरा नंबर प्रविष्ट करें तथा नाम सिलेक्ट करें व आधार ओटीपी दर्ज करें। इसके बाद आपका ई-केवाईसी हो जायेगा।

# ग्लोबल स्किल पार्क में एडवांस कोर्सेस में प्रवेश के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 20 अगस्त

**पन्ना।** युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के लिए विश्वस्तरीय ग्लोबल स्किल पार्क भोपाल सहित समस्त आईटीआई में कई एडवांस कोर्सेस प्रारंभ किए गए हैं। विश्वस्तरीय संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल पार्क भोपाल में युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देने के लिए एडवांस ऑटोमोटिव टेक्नोलॉजी, एडवांस मैकेनिकल टेक्नोलॉजी, एडवांस मैकाट्रोनिक्स एवं एडवांस मैकेनिकल एंड इलेक्ट्रिकल सर्विसेज सहित अन्य कई नवीनतम पाठ्यक्रम शुरू किए गए हैं।

# कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने मंदिर परिसर में व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार एवं पुलिस अधीक्षक सांई कृष्ण एस थोटा ने आज शाम नगर के श्री जुगल किशोर मंदिर एवं श्री बल्देव मंदिर पहुंचकर आगामी जन्माष्टमी एवं हरछठ पर्व मनाए जाने की तैयारियों व व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस मौके पर जिला स्तरीय शांति समिति एवं मंदिर समिति के सदस्यगण सहित संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे।

जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं व आमजनों के आगमन व निकास और कार्यक्रम आयोजन स्थल की व्यवस्थाओं सहित अन्य मूलभूत व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। समिति के सदस्यों से त्यौहारों के दृष्टिगत कार्यक्रमों के बेहतर आयोजन के संबंध में चर्चा की। साथ ही पेयजल, पार्किंग और भण्डारा व प्रसाद वितरण की व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। उपस्थित अधिकारियों और समिति के पदाधिकारियों को सुव्यवस्थित कार्यक्रम आयोजन के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम के दौरान वृहद स्तर पर भीड़ एकत्रीकरण के मद्देनजर भी उचित प्रबंधन व जरूरी व्यवस्थाओं के लिए निर्देशित किया गया।

# विद्यार्थियों की स्वयं की लगन व मेहनत का कोई अन्य विकल्प नहीं : पूर्व मंत्री

## प्रतिबद्ध कोचिंग कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

**पन्ना।** जिला प्रशासन पन्ना द्वारा संचालित प्रतिबद्ध कोचिंग कार्यक्रम का गत दिवस छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना में शुभारंभ हुआ। कोचिंग के शुभारंभ अवसर पर उपस्थित अतिथियों द्वारा चयनित विद्यार्थियों से संवाद कर आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि बेहतर भविष्य के निर्माण के लिए अच्छी शिक्षा का विशेष महत्व है। कैरियर के प्रत्येक क्षेत्र में विद्यार्थियों की स्वयं की लगन व मेहनत का कोई दूसरा विकल्प नहीं है। इसलिए लक्ष्य निर्धारित कर अध्ययन करें और प्रतियोगी परीक्षाओं में चयन पाकर अपने माता-पिता, परिवार व जिले का नाम गौरवान्वित करें। पूर्व मंत्री ने कहा कि वर्तमान समय उन्नत तकनीक का लाभ प्राप्त कर आगे बढ़ने का है। इसलिए ऑनलाइन उपलब्ध शिक्षण सामग्री के सहयोग से भी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर फोकस करें। साथ ही अद्यतन स्थिति से अपडेट भी रहें। उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा संचालित कोचिंग कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इसकी शुरूआत से गरीब व जरूरतमंद परिवारों के मेधावी बच्चों को अपने शहर में रहकर ही प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का अवसर प्राप्त हुआ है। यहां शिक्षकों द्वारा बेहतर मार्गदर्शन व काउंसलिंग प्रदान की जाएगी, लेकिन स्वयं की लगन व मेहनत भी जरूरी है। इसलिए विभिन्न परीक्षाओं की तैयारी के साथ शंकाओं का समाधान भी अनिवार्य रूप से करें और सकरात्मक सोच रखें। पूर्व मंत्री ने कहा कि पन्ना में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। बेहतर भविष्य के निर्माण के लिए अनुशासन, नियमित दिनचर्या और समय के महत्व पर भी ध्यान केन्द्रित करना आवश्यक है। जिला पंचायत अध्यक्ष मीना राजे ने कहा कि विद्यार्थियों में आगे बढ़ने के लिए लगन व जुनून जरूरी है। चयनित विद्यार्थी समय का सदुपयोग कर इस सुविधा व सुअवसर का लाभ लें। कलेक्टर सुरेश कुमार ने कहा कि कोचिंग के जरिए होनहार विद्यार्थियों को कैरियर निर्माण के लिए बेहतर अवसर प्राप्त हुआ है। सभी विद्यार्थी भरपूर मेहनत कर व लगन के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करें। कोचिंग के माध्यम से एक स्तर तक मार्गदर्शन प्राप्त होने के उपरांत परीक्षाओं में चयन होने पर ही सार्थकता है। उन्होंने कोचिंग कार्यक्रम के लिए प्रवेश परीक्षा के माध्यम से चयनित समस्त छात्र-छात्राओं को बधाई व शुभकामनाएं दीं। जिला पंचायत सीईओ संघ प्रिय ने कहा कि डीएमएफ फण्ड से स्थानीय स्तर पर गत वर्ष से कोचिंग प्रारंभ की गई है।

# सभी त्यौहार हर्षोल्लास के साथ सौहार्द्रपूर्वक मनाएंः कलेक्टर

**पन्ना।** आगामी दिनों में विभिन्न धर्मों के त्यौहारों के दृष्टिगत शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक हुई। कलेक्टर सुरेश कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक के अवसर पर उपस्थित समिति के सदस्यों और पदाधिकारियों से सभी त्यौहार हर्षोल्लास एवं भाई चारे के साथ शांतिपूर्ण एवं सौहार्द्रपूर्वक मनाए जाने की अपील की गई। उपस्थितजनों से विभिन्न पर्वों के आयोजन के संबंध में आवश्यक सुझाव भी प्राप्त किए गए। साथ ही गत वर्ष के त्यौहारों की व्यवस्थाओं और आगामी त्यौहारों में व्यवस्थाओं में अपेक्षित सुधार के लिए भी जरूरी चर्चा की गई। कलेक्टर श्री कुमार ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को त्यौहारों के मद्देनजर विभिन्न धार्मिक स्थलों पर आवश्यक साफ-सफाई के संबंध में निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम स्थलों पर पुलिस बल की तैनाती, यातायात नियंत्रण, सुचारू रूप से पानी की आपूर्ति, बस स्टैण्ड एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर विशेषकर महिलाओं की सुरक्षा, विद्युत व प्रकाश व्यवस्था इत्यादि के संबंध में भी आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए निर्देशित किया गया। साथ ही जुलूस व शोभायात्रा के दौरान सड़क पर आवागमन की बेहतर व्यवस्थाओं, पण्डालों में जरूरी व्यवस्था, आयोजन समिति के सदस्यों को पहचान पत्र जारी करने, सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन अनुसार ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग इत्यादि के संबंध में भी निर्देशित किया गया। रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर प्रतिबंध के बारे में भी अवगत कराया गया। कलेक्टर ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि विधिवत अनुमति प्राप्त कर एवं विद्युत कनेक्शन लेकर ही पण्डाल में धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन हो। बिजली कनेक्शन के साथ इस बात का ध्यान भी रखा जाए कि विद्युत तार कटे न हों। समिति द्वारा आयोजन के पूर्व सदस्यों की जानकारी से संबंधित थाना प्रभारी को अवगत कराया जाए।

# रक्षाबंधन पर्व पर बंदियों से भेंट के संबंध में निर्देश जारी

**पन्ना।** जेल विभाग द्वारा जेल में निरूद्ध बंदियों के परिजनों को सोमवार, 19 अगस्त को रक्षाबंधन पर्व पर बंदियों से मुलाकात के संबंध में आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। इस संबंध मे जिला जेल पन्ना के अधीक्षक एवं उप जेल पवई के सहायक जेल अधीक्षक द्वारा भी आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में अवगत कराया गया है। पुरूष बंदियों से मुलाकात एवं राखी बांधने के लिए केवल बंदी के परिवार की महिला सदस्यों व 6 वर्ष से कम आयु के बालक को ही जेल गेट के अंदर प्रवेश मिलेगा। इसके लिए दोपहर 12 बजे के बाद अधिकतम 10 मिनट का समय निर्धारित है। भेंट के लिए सुबह 7 से दोपहर 12 बजे तक पंजीयन कार्यवाही की जाएगी। बंदियों के परिजन को आधार कार्ड, ड्राइविंग लायसेंस, राशन कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, पैन कार्ड इत्यादि में से कोई एक पहचान पत्र के साथ पहुंचने के लिए सूचित किया गया है। साथ ही कीमती सामान, पर्स, मोबाइल, नगद राशि इत्यादि परिजन को बाहर देकर ही जेल गेट पर प्रवेश करने की सलाह भी दी गई है।

# जिला पंचायत में आयोजित हुआ सरपंचों का प्रशिक्षण

**पन्ना।** पंचायती राज व्यवस्था अंतर्गत जिला पंचायत कार्यालय पन्ना में जिले के अनुसूचित जनजाति वर्ग, अनुसूचित जाति वर्ग, महिला सरपंचो एवं अन्य इच्छुक सरपंचों का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया, जिसमें सरपंचों को उनके अधिकारों की जानकारी दी गई।

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
आनंद शुक्ला
सी.ई.ओ./ मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत पन्ना जिला पन्ना ( म.प. )

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
देश के अमर शहीदों को शत्-शत् नमन
अमित शर्मा
सौजन्य से-विदेशी मदिरा समूह देवेन्द्रनगर
विदेशी मदिरा समूह बृजपुर
विदेशी मदिरा समूह सलेहा पन्ना, जिला पन्ना ( म.प्र. )

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रवि प्रकाश खरे
डी.ई.ओ./जिला शिक्षा अधिकारी
जिला शिक्षा विभाग पन्ना, जिला पन्ना ( म.प्र. )

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रविराज सिंह यादव
जिला उपाध्यक्ष भाजपा
एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पन्ना जिला पन्ना ( म.प्र. )

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
बी.एस. यादव
कार्यपालन यंत्री
आर.ई.एस. विभाग पन्ना जिला पन्ना ( म.प. )

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीकांत उपाध्याय
उपयंत्री जनपद पंचायत गुनौर पन्ना जिला पन्ना ( म.प. )

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अमित यादव
ए.पी.ओ.
जनपद पंचायत अजयगढ़ पन्ना जिला पन्ना ( म.प्र. )

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डा.एस.पी.एस.परमार
प्राचार्य
शासकीय छत्रसाल महाविद्यालय पन्ना जिला पन्ना ( म.प्र. )

समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री आशाराम जी
सरपंच
ग्राम सुनहरा
नीता प्रजापति
सचिव
ग्राम सुनहरा
जनपद पंचायत पन्ना जिला पन्ना ( म.प. )

**प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि मुकुन्दपुर का महाराजा मार्तंड सिंह जूदेव व्हाइट टाइगर सफारी एंड जू देशी-विदेशी पर्यटकों के आकर्षण का केन्द्र बनेगा।**

# गर्भपात कराने से हुई युवती की मौत, आरोपी गिरफ्तार

## रीवा में प्रेमी के साथ उसके परिजन भी गिरफ्तार

**रीवा।** प्रेम-प्रसंग में गर्भवती हुई युवती की गर्भपात के बाद मौत हो गई। अनचाहे गर्भ को गिराने के बाद गंभीर हालत में युवती को अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने गर्भपात करने वाले डॉक्टर सहित परिजनों के विरुद्ध मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है।

### गर्भपात के बाद बिगड़ी हालत

नगर पुलिस अधीक्षक शिवाली चतुर्वेदी ने बताया कि प्रेम-प्रसंग में एक युवती गर्भवती हो गई थी । इसका गर्भपात करा दिया गया था। गर्भपात की वजह से युवती की हालत बिगड़ गई। उसे इलाज के लिए रीवा के संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान युवती की मौत हो गई।

### मौत के बाद हुआ खुलासा

संजय गांधी अस्पताल में पदस्थ डॉक्टर अतुल सिंह के अनुसार गर्भपात कराने की वजह से युवती की बच्चेदानी बुरी तरह से प्रभावित हो गई, जिस वजह से उसकी मौत हुई है। युवती की मौत के बाद पूरे मामले का खुलासा हो गया इसके बाद पुलिस ने प्रेमी और प्रेमिका के परिजनों को गिरफ्तार कर पूरे मामले का खुलासा किया है।

### बैकुंठपुर निवासी युवक था प्रेम-प्रसंग

थाना प्रभारी समान हितेंद्रनाथ शर्मा ने बताया कि सुजल चौधरी निवासी पुष्पराज नगर रीवा का बैकुंठपुर निवासी लड़की से प्रेम प्रसंग चल रहा था।

इस दौरान दोनों के बीच शारीरिक संबंध बने और लड़की गर्भवती हो गई। जिसकी जानकारी लड़की ने अपनी मां को दी। मां ने इसकी सूचना लड़की के प्रेमी को दी।

### दोनों परिवार ने बनाई गर्भपात की योजना

जानकारी के अनुसार दोनों परिवार के लोगों ने मिलकर लड़की का गर्भपात कराने की योजना बनाई।

इसके बाद 31 जुलाई को परिजनों ने समान थाना क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित क्लीनिक में लड़की का गर्भपात करवा दिया।

इसके बाद से लड़की की हालत बिगड़ने पर संजय गांधी अस्पताल में उसका इलाज चल रहा था।

### प्रेमी के साथ परिजन गिरफ्तार

पुलिस ने प्रेमी सुजल चौधरी, मां नीतू चौधरी, चाचा रविंद्र चौधरी,चाची श्रीदेवी चौधरी, लक्ष्मी साकेत सहित गर्भपात करने वाली रेनू सिंह परिहार को आरोपी बनाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी भी कर ली है।

*गर्भपात के बाद लड़की की हालत बिगड़ गई थी। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। लड़की के प्रेमी सहित परिजनों को गिरफ्तार कर लिया गया है।*

**- शिवाली चतुर्वेदी, नगर पुलिस अधीक्षक**

# उप-मुख्यमंत्री ने रक्षाबंधन पर दी शुभकामनाएँ

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने रक्षाबंधन के पावन पर्व पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन भाई-बहन के स्नेह, प्रेम और विश्वास का प्रतीक है। यह पर्व हमें आपसी रिश्तों को और भी मजबूत करने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने सभी भाइयों और बहनों को शुभकामनाएँ दी हैं और कामना की है कि उनके बीच के स्नेह का यह पवित्र बंधन हमेशा मजबूत और अटूट बना रहे। रक्षाबंधन का यह पर्व सभी के जीवन में खुशियों का संचार करे।

# भाजपा नेता प्रबोध व्यास की भाभी का निधन, पार्टी ने जताया शोक

रीवा

भाजपा नेता प्रबोद व्यास की भाभी श्रीमती सुषमा व्यास का आकस्मिक निधन चिकित्सा के दौरान हो गया है श्रीमती व्यास राज हंस स्कूल रीवा में प्राचार्य थी जिनके अंतिम संस्कार में रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता कार्यकर्ता सम्मिलित हुए उनके निधन पर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि एक शिक्षक के रूप में उत्कृष्ट कार्य करते हुए सहज और सरल व्यक्तित्व के कारण पूरे नगर में एक अलग पहचान रखती थी उनके आकस्मिक निधन से पूरे परिवार के साथ समाज को अपूरणीय क्षेत्र हुई है ईश्वर उन्हें श्री चरणों में स्थान दें और पूरे परिवार को दुख सहने का सामर्थ प्रदान करें रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा ने गहरी शोक संवेदना पर करते हुए कहा कि एक शिक्षक के रूप में उनकी अलग पहचान स्थापित थी उनके आकस्मिक निधन से पूरे परिवार पर संकट का पहाड़ टूट पड़ा है ईश्वर यह दुख सहने का समर्थ उन्हें प्रदान करें नगर निगम अध्यक्ष वेंकटेश पांडे ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि आकस्मिक निधन से गहरा आघातलगा है ईश्वर उन्हें श्री चरणों में स्थान देने के साथ पूरे परिवार को दुख सहने की शक्ति प्रदान करें भाजपा के वरिष्ठ नेता कमलेश्वर सिंहपूर्व जिला अध्यक्ष विद्या प्रकाश श्रीवास्तव मऊगंज भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ राजेंद्र मिश्रा वीरेंद्र गुप्ता रमेश गर्ग राजेंद्र पांडे नारायण मिश्राश्रीमती माया सिंह उमाशंकर पटेल श्रीमती विभद्यपटेल राजगोपालाचारी अनिल बुधनी कमलेश सचदेवा विवेक गौतमनरेंद्र गुप्ता सतीश सोनी रिपु दमन सिंह नगर निगम नेता प्रतिपक्ष दीनानाथ वर्मा वासुदेव थारवानी राजीव खंडेलवाल योगेंद्र शुक्ला तरुणेन्द्र शेखर पांडे मंडल अध्यक्ष शिवम द्विवेदी शेखर सचदेवा सतीश सोनी चिंटू श्रीमती पुनीता पाठक उर्मिला सिंह दुबे मनीष पाठक संजुला सिंह राजेश शर्मा अमरेश पांडे डॉ नितिन चतुर्वेदी बाला द्विवेदी बृजेंद्र गौतम विक्रम सिंह सुरेश वर्मा देवांशु मिश्रा शाहिद समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

# विहिप ने याद किया वीर शहीदों को

**रीवा।** विश्व हिन्दू परिषद् बजरंगदल प्रखण्ड सिरमौर जिला रीवा के द्वारा जय स्तम्भ चौक सिरमौर में दीप प्रज्वलित करके स्वतंत्रता दिवस की 78वीं वर्षगाठ के अवसर पर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर पूर्व जिला सुरक्षा प्रमुख बजरंगदल नीतेश कुमार दाहिया ने कहा कि आज का दिन हम सबके लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है क्योकि आज के ही दिन 1947 में हमारा देश स्वतंत्र हुआ जिसमें हमारे वीर सपूतों ने अपनी-अपनी कुर्वानिया दी। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के वरिष्ठ कार्यकर्ता डा.एल.एल.ताम्रकार, विहिप के सहमंत्री वृजेन्द्र मिश्र, लीलावती विश्वकर्मा, विवेक गुप्ता, अनीता कचेर, रोमियो, विनोद सेन भूपेन्द्र विश्वकर्मा, रोहित गुप्ता, शिक्षक संतोष वर्मा, गोलू पाण्डेय, रवी विश्वकर्मा, शुभकरण दाहिया, संदीप पाण्डेय, बबलू पाण्डेय, सौदामनी गुप्ता, संतोष तिवारी, कैलाश त्रिपाठी, प्रिंस गुप्ता, प्रांशू गुप्ता, गोरेलाल, तनिश, ज्योती दाहिया, छोटू सेन, केडी गुप्ता, आनन्द सिंह, रामलल्लू गुप्ता, अभिनव पाण्डेय, श्रेयांश सोनी, दीपांशु गुप्ता, रहीश गुप्ता सहित बड़ी संख्या में विहिप के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्यक्रम निर्धारित

रीवा

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एक जनवरी 2025 के अर्हता तिथि को दृष्टिगत रखते हुए फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्यक्रम निर्धारित कर दिया गया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार बीएलओ 20 अगस्त से 18 अक्टूबर तक घर-घर जाकर सत्यापन करेंगे। इस दौरान मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तिकरण, पुनर्व्यवस्था नामावली/ईपिक की विसंगति को दूर करना, मतदान केन्द्रों के पुर्नगठन तथा कंट्रोल टेबल को अद्यतन किये जाने का कार्य भी किया जायेगा।

कार्यक्रम के अनुसार 19 अक्टूबर से 28 अक्टूबर तक प्रारूप 1-8 की तैयारी तथा पूरक और एकीकृत ड्राफ्ट रोल तैयार करने का कार्य होगा। जबकि 29 अक्टूबर को एकजाई प्रारूप निर्वाचक नामावली का प्रकाशन होगा। 29 अक्टूबर से 28 नवम्बर तक दावे एवं आपत्तियां दर्ज की जायेगीं। इसी क्रम में विशेष कैंप का आयोजन 9 नवम्बर, 10 नवम्बर, 16 नवम्बर एवं 17 नवम्बर को होगा। दावे एवं आपत्तियों का निराकरण 24 दिसंबर को किया जायेगा। नामावली के हेल्थ पैरामीटर को जांचना और अंतिम प्रकाशन की आयोग से अनुमति प्राप्त करना तथा डाटाबेस को अपडेट करना और परिशिष्टों को मुद्रित करने का कार्य एक जनवरी 2025 को किया जायेगा तथा निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 6 जनवरी 2025 को होगा।

# केन्द्रीय जेल में बंदियों को बहनें बांध सकेंगी राखी, जेल प्रशासन ने की विशेष व्यवस्था

**रीवा।** भाई और बहन का त्यौहार रक्षाबंधन आज मनाया जायेगा। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी केन्द्रीय जेल रीवा में रक्षाबंधन पर्व पर जेल प्रशासन द्वारा बंदियों और उनकी बहनों की भेंट की विशेष व्यवस्था की गयी है। जेल अधीक्षक सतीश कुमार उपाध्याय ने बताया कि जेल में भाई-बहन के मुलाकात के लिए 19 अगस्त को पंजीयन प्रातः 7.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक होगा। बहनों को फोटोयुक्त पहचान पत्र लाना अनिवार्य होगा। मुलाकात के लिए अलग-अलग काउंटर बनाए गए हैं। मुलाकात काउंटर में नाम लिखवाने के बाद बहनों को टोकन प्राप्त करना अनिवार्य होगा। बहनों के साथ केवल पाँच वर्ष तक की आयु के बच्चों को ही प्रवेश दिया जाएगा। जेल अधीक्षक ने बताया कि परंपरागत रूप से रक्षाबंधन का पर्व मनाने के लिए जेल प्रशासन अक्षत, हल्दी, तिलक और थाली की व्यवस्था करेगा। बहनें अपने बंदी भाईयों के लिए सौ ग्राम मिठाई, फल तथा रक्षासूत्र लेकर आएं। शेष अन्य तरह की सामग्री पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगी। बंदियों से उनकी बहनों की भेंट विशेष सुरक्षा प्रबंध के दायरे में होगी। जेल प्रशासन द्वारा बनाए गए नियमों और अनुशासन का पालन करते हुए रक्षाबंधन पर्व मनाने की सुविधा दी जा रही है।

# हिनौती गौधाम का मास्टर प्लान पथमेढ़ा के नंदगांव के प्रकल्पों व प्रबंधन के अनुसार बनायें

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि मनगवां विधानसभा क्षेत्र के हिनौती में 1303 एकड़ क्षेत्र में गौवंश वन्य विहार का निर्माण कराया जा रहा है जिसका मास्टर प्लान पथमेढ़ा (राजस्थान) के नंदगांव के गौवंश अभ्यारण्य के प्रकल्पों व प्रबंधन के अनुसार बनायें। उप मुख्यमंत्री के निर्देश पर रीवा से अधिकारियों का दल पथमेढ़ा भेजा गया था जिन्होंने वहां के गौवंश अभ्यारण्य के प्रकल्प, प्रबंधन व अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन किया तदुपरांत उसका पावर प्वाइंट के माध्यम से प्रस्तुतीकरण उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल के समझ किया गया। सर्किट हाउस राजनिवास में आयोजित बैठक में उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि हिनौती गौधाम का जिले के विकास में विशेष योगदान होगा और यह देश का प्रसिद्ध गौसंरक्षण केन्द्र बनेगा इसलिए इसमें वह सभी प्रकल्प, प्रबंधन व व्यवस्थायें शामिल की जांय जो देश के प्रसिद्ध पथमेढ़ा गौवंश अभ्यारण्य केन्द्र में है। श्री शुक्ल ने गौधाम में प्रथम चरण में गौ शेड, फेंसिंग कार्य, गेस्ट हाउस व भूसा शेड बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में अंदर की सड़कें, अमृत सरोवर, गोवर गैस यूनिट, यज्ञशाला, पशु चिकित्सालय भवन व चिकित्सालय, स्वच्छता परिसर, पोषण वाटिका जैविक खाद इकाई आदि का निर्माण भी कराया जायेगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि इस गौवंश वन्य विहार में 25 हजार गौवंश रहेंगे जिससे किसानों की फसलों की सुरक्षा होगी तथा बेसहारा गौवंश को संरक्षण मिलेगा साथ ही आसपास के गांव के गौसेवकों को रोजगार की भी उपलब्धता होगी। श्री शुक्ल ने बसामन मामा गौवंश श्रीमती प्रतिभा पाल वन्य विहार में धार्मिक व आध्यात्मिक आयोजन किये जाने की बात कही ताकि लोगों को इससे जीवंत जुड़ाव हो सके। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिये कि जो अधिकारी पथमेढ़ा का अवलोकन करके आये हैं वह गौधाम के मास्टर प्लान में प्रकल्पों को शामिल करायें ताकि आने वाले समय में यह गौवंश वन्य विहार आत्मनिर्भर बनकर अन्य गौशालाओं के लिये उदाहरण बन सके। बैठक में सीईओ जिला पंचायत डॉ. सौरभ सोनवणे, विधायक प्रतिनिधि राजेश पाण्डेय, उप संचालक पशुपालन डॉ. राजेश मिश्रा, डॉ. संजय सिंह, अनुज प्रताप सिंह, सहित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने अधिकारियों को दिया कारण बताओ नोटिस

**रीवा।** लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अन्तर्गत अविवादित नामांतरण सेवाओं के लिए प्राप्त होने वाले आवेदन पत्र पोर्टल पर दर्ज किये जाते हैं। इन आवेदनों का समय सीमा में निराकरण करना अनिवार्य है। नियत समय सीमा से अधिक दिन तक लंबित रहने पर कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिवस में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर ने नजूल अधिकारी हुजूर, तहसीलदार गुढ़, जवा, त्योंथर, मनगवां, सिरमौर, सेमरिया हुजूर एवं रायपुर कर्चुलियान सहित नायब तहसीलदार पहड़िया, अतरैला, गढ़ी, गोविंदगढ़, चाक, डभौरा, डेल्ही, दुआरी, बनकुंइयां, बैकुंठपुर, रायपुर (त्योंथर), लालगांव, सूरा, शाहपुर तथा मनिकवार को कारण बताओ नोटिस जारी किया।

# विदेशी पर्यटकों के आकर्षण का केन्द्र बनेगा व्हाइट टाइगर सफारी: उप मुख्यमंत्री

**रीवा।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि मुकुन्दपुर का महाराजा मार्तंड सिंह जूदेव व्हाइट टाइगर सफारी एंड जू देशी-विदेशी पर्यटकों के आकर्षण का केन्द्र बनेगा। उन्होंने कहा कि रीवा और सतना में हवाई सुविधा प्रारंभ होने पर यह सफारी खजुराहो और बनारस से सीधे पर्यटक सर्किट में जुड जायेगा। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल शुक्रवार को महाराजा मार्तंड सिंह जूदेव व्हाइट टाइगर सफारी एंड जू मुकुंदपुर में 3 करोड़ की लागत से निर्मित वॉक इन एवियरी का लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस एवियरी में लगभग एक करोड़ की कीमत के करीब एक हजार से अधिक प्रजाति के विदेशी पक्षी रखे जायेंगे। कार्यक्रम में सांसद सतना गणेश सिंह, रीवा जनार्दन मिश्रा, पूर्व मंत्री रामखेलावन पटेल, जिला पंचायत की वन समिति के सभापति हरीशकान्त त्रिपाठी, मैहर कलेक्टर रानी बाटड़, सीसीएफ रीवा राजेश राय, डीएफओ सतना विपिन पटेल, एसडीएम अमरपाटन आरती यादव सहित विभागीय अधिकारी तथा बड़ी संख्या में स्थानीय जन उपस्थित रहे।

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने व्हाइट टाइगर सफारी में 3 करोड 80 लाख रूपये की लागत से निर्मित विदेशी पक्षियों के बाडे वाक इन एवियरी का शिलापट्टिका का अनावरण कर विधिवत लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि व्हाइट टाइगर सफारी मुकुन्दपुर जैसा चिडिया घर और सफारी का प्राकृतिक रूप से काम्बीनेशन और कही नहीं दिखता है। उन्होंने कहा कि गुजरात के केवडिया के बाद देश का यह दूसरा एवियरी है। जहां लगभग एक करोड के विदेशी पक्षी रखे जायेंगे।

# भारतीय कलाकार संघ ने स्वतंत्रता दिवस की 78वीं सालगिरह मनाई

**रीवा।** भारतीय कलाकार संघ रीवा के सिरमौर चौराहा के तानसेन काम्पलेक्स स्थित कार्यालय में सुवह 8 बजे संघ के अध्यक्ष गोकरण शर्मा ने ध्वजारोहण कर स्वतंत्रता दिवस की 78वीं वर्षगांठ बड़े ही धूमधाम के साथ मनाई। इस अवसर पर श्री शर्मा ने कहा कि आजादी को प्राप्त हुए 77 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं मैं उन वीर वलदानियों को शीष झुकाकर श्रद्धासुमन अर्पित करता हूं जिन्होने देश को आजाद कराने में अपना जीवन न्योछावर कर दिया। ध्वजारोहण पश्चात् अमित आर्ट व आर.एस.एण्ड एस.एस.आर्टस के कलाकारों के द्वारा गीत-संगीत का कार्यक्रम प्रस्तुत गया जो देर दोपहर तक चलता रहा जिसमें उपस्थित पेन्टरों ने बढ़-चढ़कर अपनी हिस्सेदारी निभाई संगीत कार्यक्रम पश्चात् मिष्ठान का वितरण कर एक दूसरे को स्वतंत्रता दिवस की वधाई दी गई। इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष की अनुसंशा पर जिलाध्यक्ष गोकरण शर्मा ने कार्यकारणी के पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। इस अवसर पर राहुल आर्ट, अमित आर्ट, मेजर आर्ट, सोलंकी आर्ट, रवी आर्ट, तीरथ आर्ट, आर.के.आर्ट, प्रेम आर्ट, रामजी आर्ट, जे.पी.आर्ट, संदीप आर्ट, सागर आर्ट, राजू आर्ट, शिव आर्ट, जीत आर्ट सहित बड़ी संख्या में कलाकार संघ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बच्चों को नशे से दूर रहने की दी गई समझाइश

**रीवा।** शहर के विभिन्न विद्यालयों में बच्चों को नशे से दूर रहने की समझाइश देते हुए एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण कर उसे संरक्षित करने की बात कही गयी। रिटायर्ड एसआई एवं समाजसेवी प्रमोद पाण्डेय द्वारा विभिन्न स्कूलों में जाकर बच्चों को नशे से दूर रहने के संबंध में जानकारी दी गई। उनके द्वारा बच्चों को नैतिक शिक्षा संस्कार को अपनाने तथा गुरू शिष्य की परंपरा निर्वहन करने की भी समझाइश दी गई। साथ ही बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के तहत पौधे रोपित करने तथा यातायात के नियमों का पालन करने आदि विभिन्न विषयों पर जानकारी दी गई। संस्कार वैली पब्लिक स्कूल, प्राथमिक शाला इटौरा, हायर सेकण्डरी स्कूल सगरा तथा उमादत्त हायर सेकण्डरी स्कूल ढेकहा में बच्चों को विभिन्न विषयों के प्रति जागरूक किया गया।

# प्रधानमंत्री कालेज आफ एक्सीलेंस में मनाया गया बालिका सम्मान एवं संवाद समारोह

**रीवा।** शहर के प्रधानमंत्री कालेज आफ एक्सीलेंश शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय में महाविद्यालयीन बालिकाओं के सम्मान एवं संवाद समारोह का आयोजन महाविद्यालय के नवीन सभागार में किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संजीव दुबे एनएसएस प्रभारी डॉक्टर विनीता कश्यप एवं डॉ राजेंद्र दुबे उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महाविद्यालय में अध्यनरत बालिकाओं के जीवन एवं उनकी शिक्षा को लेकर छात्राओं से चर्चा की गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर संजीव दुबे ने छात्राओं से चर्चा करते हुए बताया की आज के परिवेश में बालिकाएं हर क्षेत्र में अपना एक अलग स्थान बना रही है वर्तमान ओलंपिक में भी मनु भाकर ने अपनी प्रतिभा दिखाई एवं मेडल प्राप्त किया जो की महाविद्यालय की छात्राओं को अपने जीवन में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करता है वर्तमान के इस टेक्नोलॉजी के युग में छात्राओं के लिए हर चीज सुगमता के साथ उपलब्ध है जिसका उपयोग करके छात्राएं अपनी प्रतिभा को निखार सकती हैं एवं अपने समय का सदुपयोग करके हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा सकती हैं। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. विनीत आर कश्यप ने छात्राओं से कहा कि आप सभी को अपने एक जीवन में दोहरा जीवन जीना पड़ता है। छोटी उम्र में ही पारिवारिक जिम्मेदारियां के साथ-साथ आपको शिक्षा के क्षेत्र में भी मेहनत करनी पड़ती है, यही परीक्षा हमें जीवन में एक दृढ़ता प्रदान करती है जिससे हम हर कठिन परिस्थिति में अपने आप को मजबूत बनाये रहते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित डॉ नीलम पांडे ने भी छात्राओं के महाविद्यालयीन जीवन में आने वाली समस्याओं के बारे में चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय छात्राओं ने भी अपने विचार सांझा किया एवं शिक्षकों से मिलने वाले सहयोग के लिए उनको धन्यवाद दिया । इसके उपरांत माननीय मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी का भी वक्तव्य लाइव प्रसारण के माध्यम से छात्राओं को दिखाया गया जिसको जिसको देखकर महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं अभीभूत हुए। उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के डॉ डीपी शुक्ला, डॉ. संजय तिवारी, डॉ. संजय सिंह परिहार, डॉ अनीता सिंह तिवारी, डॉ. अभिलाशा श्रीवास्तव, डॉ प्रीति, डॉ. केसर काली तिवारी, डॉ संतोष अग्निहोत्री, डॉ विवेक वर्मा, डॉ अवनीश द्विवेदी, डॉ. हबीब खान डॉ. शिव कुमार दुबे, डॉ. राजेश भारती, डॉ. सुलभा सिंह डॉ. स्वाति शुक्ला डॉ. बाल महेंद्र प्रजापति, डॉ सुनीता गुप्ता एवं भारी मात्रा में प्राध्यापक गण, छात्र-छात्रा एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : **MP/SDL/DN/-30/2015-17,** दूरभाष : 09424315633,7389444833